रीवा

04 मार्च 2025 मंगलवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



केएल राहुल पर ...
@ पेज 7

# राम मंदिर आतंकी साया, एटीएस की गिरफ्त में आए संदिग्ध का बड़ा खुलासा





**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर को उड़ाने की साजिश चल रही थी। यह खुलासा गुजरात व हरियाणा एटीएस की टीम के गिरफ्त में एक संदिग्ध आतंकी ने खुलासा किया है। जिसके बाद यूपी समेत गुजरात व हरियाणा में भी

### ● यूपी समेत गुजरात व हरियाणा में भी हड़कंप

हड़कंप की स्थिति मच गई है। संदिग्ध को गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। उसने एटीएस को पूछताछ में बताया कि उसके टारगेट पर आयोध्या का राम मंदिर था। मिली जानकारी के मुताबिक, संदिग्ध को गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने फरीदाबाद से एक जॉइंट ऑपरेशन में पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी का नाम अब्दुल रहमान है। वह यूपी के फैजाबाद जिला (अब अयोध्या) का रहने वाला है। खुलासे के बाद पुलिस चौकन्नी हो गई है। फरीदाबाद से पकड़े गए आतंकी की निशानदेही पर सुरक्षा एजेंसियों ने दो ग्रेनेड बरामद किए हैं, जो खंडहर में छिपाए गए थे। आईबी के साथ मिलकर सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को फरीदाबाद से आतंकी अब्दुल रहमान गिरफ्तार था। गुजरात एटीएस ने आतंकी की तस्वीर भी जारी की है।

गुजरात एटीएस को इनपुट मिला था कि एक संदिग्ध व्यक्ति बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं और इस समय फरीदाबाद में है। इसके बाद गुजरात एटीएस हरियाणा के फरीदाबाद के लिए रवाना हुई, यहां उसने फरीदाबाद एसटीएफ की मदद ली, इसके बाद गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया और संदिग्ध को रविवार के दिन गिरफ्तार किया। पकड़े गए शख्स के पास से 2 हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। एटीएस की टीम संदिग्ध को लेकर गुजरात गई है।

जानकारी के मुताबिक उसे राम मंदिर पर हमले के लिए आईएसआई ने ट्रेंड किया था। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की तरफ से उसे दो हैंड ग्रेनेड दिए गए थे, जिसे वह अयोध्या लेकर जाना चाहता था। उसने ये ग्रेनेड एक खंडहर में छिपाए थे। उसके पास से कई संदिग्ध वीडियो भी मिले हैं, जिसमें देश के बड़े धार्मिक स्थलों के बारे में जानकारी थी। पकड़े गए आतंकी की उम्र महज 19 साल है। आरोपी अब्दुल रहमान पेशे से गोश्त बेचता है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, उसे दो ग्रेनेड आईएसआई के हैंडलर ने दिए थे। भारत की सुरक्षा एजेंसी एनआईए और गुजरात एटीएस की सूचना पर यह कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक जमातों में अब्दुल रहमान का आना-जाना था। अयोध्या के मिल्कीपुर का रहने वाले रहमान फरीदाबाद के पाली में शंकर के नाम से छिपा था। वह यहां एक ट्यूबवेल के कोठरे में रहता था, जिसकी मालिक की कुछ दिन पहले मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पूर्व पीएम ने इमरान को दी नसीहत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और आवाम पाकिस्तान पार्टी (एपीपी) के संयोजक शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को खुद में सुधार लाना होगा, अन्यथा देश को तरक्की करने में संघर्ष करना पड़ेगा। मीडिया में आई एक खबर में सोमवार को इस बारे में जानकारी दी गई है। 'जियो न्यूज' की खबर के मुताबिक, अब्बासी ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री से संबंधित मामलों में दखल नहीं



देगा। घरेलू राजनीतिक माहौल पर टिप्पणी करते हुए अब्बासी ने पीटीआई के मजबूत जनसमर्थन को स्वीकार किया, लेकिन चेतावनी दी कि पार्टी ने सत्ता में रहने के दौरान जो नजरिया अपनाया था अगर उसी दृष्टिकोण को जारी रखती है, तो उसे कोई फायदा नहीं होगा। अब्बासी ने कहा कि पार्टी के 72 वर्षीय संस्थापक को अपनी गलतियों के बारे में सोचना चाहिए और उनकी पार्टी में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, ÷हम विपक्ष के विचारों पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं और हमने सम्मेलन में राजनीतिक कैदियों की रिहाई के बारे में बात की है, क्योंकि देश में मुद्दे संविधान और सिद्धांतों के माध्यम से हल होते हैं।÷ अब्बासी ने कहा, ÷हमने एक रवैया बना लिया है कि कभी हम एक को (सत्ता में) लाते हैं और कभी दूसरे को। अगर देश में पाखंड खत्म हो जाए तो पीटीआई संस्थापक को भी राहत मिलेगी।÷ देश में अतीत में हुई अहम घटनाओं के बारे में अब्बासी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने परमाणु परीक्षण करने का साहस इसलिए किया क्योंकि भारत के कदम के बाद पाकिस्तान के पास कोई विकल्प नहीं था।

### नेपाल तक में दिखा आया महाकुंभ का असर

**काठमांडू (एजेंसी)।** फरवरी 2025 में 96,000 से अधिक पर्यटक नेपाल पहुंचे, लेकिन पिछले साल की तुलना में इस वर्ष हिमालयी देश की यात्रा करने वाले भारतीयों की संख्या में कमी देखी गई है। नेपाल पर्यटन बोर्ड के अनुसार, फरवरी महीने में 96,880 पर्यटक हवाई मार्ग से नेपाल पहुंचे। आंकड़ों के अनुसार, इस साल फरवरी में पर्यटकों की संख्या पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में थोड़ी कम रही है। फरवरी 2024 में नेपाल आने वाले पर्यटकों की संख्या 97,426 थी। अन्य देशों के



पर्यटकों की तुलना में नेपाल पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या सबसे अधिक रही। इस साल फरवरी में 19,187 भारतीय हवाई मार्ग से नेपाल पहुंचे। इस अवधि में अमेरिका से 10,348, चीन से 8,232, ब्रिटेन से 5,057 और बांग्लादेश से 4,874 पर्यटक नेपाल आए। श्रीलंका से 4,370 और ऑस्ट्रेलिया से 3,737 पर्यटक नेपाल पहुंचे। फरवरी 2024 में 25,578 भारतीय पर्यटकों ने नेपाल की यात्रा की थी जबकि इस साल फरवरी में यह संख्या 25 प्रतिशत कम रही। नेपाल पर्यटन बोर्ड के निदेशक मणि लामिछाने ने कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने लाखों भारतीय तीर्थयात्रियों को आकर्षित किया जिससे नेपाल आने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में कमी देखी गई है।

## बिहार के सीएम नीतीश का फिर दिखा अनोखा अंदाज



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक बार फिर अनोखा अंदाज सामने आया है। बिहार के बजट सत्र के दौरान नीतीश कुमार ने जिस अनोखे अंदाज में तेजस्वी यादव को इशारा किया वो देखकर आप भी हंस पड़ेंगे। बिहार के बजट सत्र के दौरान नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को देखकर इशारा किया, तेजस्वी यादव पल्स चबा रहे थे और नीतीश कुमार इशारा कर रहे थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक बार फिर अनोखा अंदाज सामने आया है। बिहार के बजट सत्र के दौरान नीतीश कुमार ने जिस अनोखे अंदाज में तेजस्वी यादव को इशारा किया वो देखकर आप भी हंस पड़ेंगे। बिहार के बजट सत्र के दौरान नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को देखकर इशारा किया, तेजस्वी यादव पल्स चबा रहे थे और नीतीश कुमार इशारा कर रहे थे। नीतीश कुमार ने जैसे ही शिक्षा मंत्री सुनील कुमार को सबके सामने मंच पर खड़ा कर दिया, ये देखते ही महिला शिक्षकों के साथ कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस दौरान सीएम खुद भी मुस्कुरा रहे थे और इस वजह से कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई और माहौल खुशनुमा बन गया।

### दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के बयान से मचा बवाल

## स्वाति मालीवाल को ये लोग अपने घर पर पिटवा सकते हैं...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया है और आतिशी को लेकर उन्होंने ऐसी बात कह दी है जिससे सियासी बवाल मचना तय है। रेखा गुप्ता ने कहा, आतिशी जी, आज अरविंद केजरीवाल जी आपको यहां फसाकर ना जाने खुद कहां गुम हैं। मुझे चिंता है आपकी, अगर स्वाति मालीवाल को ये लोग अपने घर पर पिटवा सकते हैं तो आप भी बहुत दूर नहीं है। मुझे आपकी बहुत चिंता हो रही है। इसके साथ ही आतिशी के एक बयान पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नेता ने अपनी गलती मान ली है। आज सदन में नेता विपक्ष ने भी गलती को स्वीकार किया है।

विधानसभा में कैग रिपोर्ट पेश किए जाने के बीच आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने जैसे ही कहा, %चलिए मान लेते हैं हम चोर हैं... हम नालायक हैं...% उनकी ये बात पूरी होने से पहले ही भाजपा नेता शोर मचाने लगे और फिर





इसी को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आपने गलती तो मान ली ना। इसके साथ ही सीएम रेखा गुप्ता ने आतिशी को चेतावनी देने के लहजे में कहा है कि अरविंद केजरीवाल की इतनी साइड मत लीजिए आप। हंगामे की वजह से आम आदमी पार्टी के नेता जरनैल सिंह को सदन की कार्यवाही से बाहर कर दिया गया। इसपर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, ÷विपक्ष के हंगामे को लेकर आप विधायक जरनैल सिंह को मार्शल आउट किया गया है। अभी तो सिर्फ दो रिपोर्ट सदन के पटल पर आई हैं, अब तो आप के काले चिट्ठे खुल रहे हैं।

## जब शादी नहीं तो गुजारा भत्ता क्यों?

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे और करुणा मुंडे के रिश्ते की बात कोर्ट तक पहुंच




गई है और कोर्ट ने धनंजय मुंडे को आदेश दिया है कि वो करुणा मुंडे को गुजारा भत्ता दें। बता दें कि करुणा मुंडे ने दावा किया था कि वो धनंजय मुंडे की पहली पत्नी हैं और कोर्ट ने धनंजय मुंडे को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। अब धनंजय ने कोर्ट के उस अंतरिम आदेश के खिलाफ सेशन कोर्ट में याचिका दायर की है जिसके तहत उन्होंने कहा है कि उनकी करुणा मुंडे से कभी शादी ही नहीं हुई तो गुजारा भत्ता कैसा। बता दें कि करुणा उनकी पहली पत्नी होने का दावा करती हैं और इसे लेकर उन्होंने कोर्ट में याचिका दी थी। इस पर धनंजय मुंडे ने कहा कि वह मजिस्ट्रेट द्वारा आदेश दिए जाने से व्यथित हैं कि याचिकाकर्ता (धनंजय मुंडे) और प्रतिवादी संख्या एक (महिला) का एक दूसरे से विवाह हुआ था और इस प्रकार उनके बीच घरेलू संबंध हैं। अधिवक्ता सयाली सावंत के माध्यम से दायर याचिका में उल्लेख किया गया है कि मजिस्ट्रेट ने ''अपने विवेक का उपयोग नहीं किया और अंतरिम भरण-पोषण देने का, मनमाना आदेश पारित कर दिया।''

## यूपी की शहजादी खान को यूएई में दे दी गई फांसी

### मौत की मिली थी सजा, सरकार ने हाईकोर्ट में दी जानकारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी की महिला शहजादी खान को यूएई में फांसी की सजा पर मुहर लग गई है। दिल्ली हाईकोर्ट को मामले की सुनवाई के दौरान खुद विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय ने कोर्ट को बताया कि शहजादी खान को विगत 15 फरवरी को फांसी दे दी गई थी। केंद्र सरकार ने कोर्ट में दाखिल अपने जवाब में कहा कि अब यूपी की शहजादी खान का अंतिम संस्कार 5 मार्च को होना है। बता दें कि शहजादी खान अबूधाबी में 4 माह के शिशु की कथित हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रही थीं।

विदेश मंत्रालय ने दिल्ली हाईकोर्ट को जवाब देते हुए बताया कि यूएई में भारतीय दूतावास को 28 फरवरी को जानकारी दी गई कि शहजादी की मौत की सजा यूएई के कानूनों और नियमों के मुताबिक को दी गई है। इस पर जस्टिस सचिन दत्ता ने इस घटनाक्रम को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कोर्ट में एएसजी जनरल चेतन शर्मा ने बताया कि अब यह मामला खत्म हो चुका है। शहजादी को 15 फरवरी को फांसी दे दी गई थी, उनके सुपुर्द-ए-खाक की प्रक्रिया 5 मार्च को होगी। जानकारी दे दें कि 33 वर्षीय शहजादी खान के पिता शब्बीर खान ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका



दायर कर अपनी बेटी के हालात की जानकारी मांगी थी। उनका कहना था कि उन्हें कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिला रही और विदेश मंत्रालय से भी कोई ठोस जवाब नहीं मिल रहा। इसके बाद कोर्ट ने विदेश मंत्रालय को नोटिस जारी कर तलब किया था।

जानकारी दे दें कि 10 फरवरी 2023 को अबू धाबी पुलिस ने शहजादी को जेल में डाला था और उन्हें 31 जुलाई 2023 को मौत की सजा सुनाई गई। शहजादी अल वथबा जेल में बंद थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने बताया था कि 14 फरवरी को शहजादी ने जेल से फोन किया था और बताया था था कि उसे 1-2 दिन में फांसी की सजा दी जा सकती है, यह मेरी आखिरी कॉल हो सकती है। इसके बाद से शहजादी की कोई जानकारी परिवार को नहीं मिली थी।

## शादी के तुरंत बाद बच्चे पैदा करें और उन्हें...

### सीएम स्टालिन ने युवाओं को दी ऐसी सलाह

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने युवाओं को शादी के तुरंत बाद बच्चे पैदा करने की सलाह दी और कहा कि अधिक जनसंख्या अधिक संसदीय सीटें पाने का मानदंड प्रतीत होती है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम अध्यक्ष स्टालिन ने एक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कई साल पहले नवविवाहितों को सलाह दी जाती थी कि वे शादी के तुरंत बाद बच्चे पैदा न करें। उन्होंने कहा कि हालांकि, अब यह सलाह नहीं दी जानी चाहिए और इसकी कोई जरूरत भी नहीं है। स्टालिन ने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि अब ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि अधिक जनसंख्या होने पर ही अधिक सांसद सुनिश्चित होंगे क्योंकि परिसीमन की प्रक्रिया जनसंख्या के आधार पर होगी।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने जनसंख्या नियंत्रण पर ध्यान दिया और इसमें सफल रहा लेकिन आज राज्य इसका परिणाम भुगत रहा है। उन्होंने दूल्हा-दुल्हन से अपील करते हुए कहा, ''मैं आपसे यह नहीं कहूंगा कि आप जल्दबाजी में बच्चे



पैदा न करें, बल्कि तुरंत बच्चे पैदा करें और उन्हें सुंदर तमिल नाम दें।'' स्टालिन ने कहा कि परिसीमन का सवाल तमिलनाडु के अधिकारों और उसके हितों की रक्षा से जुड़ा है, इसलिए इस मामले का राजनीतिक मूल्यांकन नहीं किया जाना चाहिए। स्टालिन ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार त्रि-भाषा नीति को दबाव के तहत लागू करने की योजना बना रही है और इसी तरह परिसीमन कवायद में वह तमिलनाडु के लिए सीटों की संख्या में कटौती करने का प्रयास कर रही है। इस पृष्ठभूमि में प्रस्तावित परिसीमन कवायद पर पांच मार्च को एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की जा रही है और 40 में से अधिकतर दलों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। कुछ दलों ने कहा है कि वे इसमें भाग नहीं लेंगे। मुख्यमंत्री ने ऐसे दलों से अपील की है कि वे इस मुद्दे को राजनीति के चश्मे से न देखें। भाजपा और पूर्व केंद्रीय मंत्री जी के वासन के नेतृत्व वाली पार्टी तमिल मनीला कांग्रेस (मूपनार) ने कहा कि वह बैठक में भाग नहीं लेगी। स्टालिन ने कहा, ''मैं उनसे अपील करना चाहूंगा कि कृपया इस पर विचार करें। यह द्रमुक और आपकी पार्टी के बीच का मुद्दा नहीं है।'' उन्होंने अपील की कि यह मुद्दा तमिलनाडु और उसके हितों एवं अधिकारों के बारे में है।

## विचार है, एक आंदोलन है, जिसे दबाया नहीं जा सकता...

### मायावती द्वारा से पार्टी की सभी जिम्मेदारियां छीनने के बाद आकाश ने लिखा एक्स पर लिखी पोस्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** मायावती पिछले कई दिनों से अपने भतीजे आकाश आनंद से नाराज चल रही थीं। रविवार को लखनऊ में बीएसपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मायावती ने आकाश से पार्टी की सभी जिम्मेदारियां छीन ली थी। मायावती के इस एक्शन का जवाब आकाश आनंद ने करीब 24 घंटे बाद सोमवार को दिया। रविवार को मायावती के एक्शन के बाद आकाश आनंद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखी है। इसमें उन्होंने लिखा, मैं परमपूज्य आदरणीय बहन कु. मायावती जी का कैडर हूं। उनके नेतृत्व में मैने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं। ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। इसके साथ ही आकाश आनंद ने लिखा, आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं



उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं उस फैसले के साथ खड़ा हूं। आदरणीय बहन कु. मायावती जी द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है।

आनंद ने लिखा, ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन और मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा।

आकश आनंद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। इसके साथ ही आकाश आनंद ने अंत में लिखा, यह एक विचार है, एक आंदोलन है, जिसे दबाया नहीं जा सकता। इस मशाल को जलाए रखने और इसके लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए लाखों आकाश आनंद हमेशा तैयार हैं।

## परीक्षा से बचने के लिए घर से 2000 किमी दूर भागा लड़का, बना मजदूर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के रोहिणी में 17 वर्षीय एक लड़का परीक्षा देने से बचने के लिए अपना घर छोड़कर चला गया और 2,000 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर एक निर्माण स्थल पर एक मजदूर के रूप में काम करने लगा तथा झुग्गी बस्ती में रहने लगा। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, लड़के के परिजनों ने बुद्ध विहार थाने में 21 फरवरी को उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस उपायुक्त (क्राइम) विक्रम सिंह ने बताया, ''लड़का कनॉट प्लेस स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल की 11वीं कक्षा में पढ़ता था और पढ़ने में उसकी बिल्कुल रुचि नहीं थी।''जांच से पता चला है कि वह अपनी वार्षिक परीक्षा नहीं देना चाहता



था। 21 फरवरी को वह घर से निकला और उसने अपने पिता को संदेश भेजा कि वह घर से जा रहा है और कोई उसकी तलाश न करे। अधिकारी ने बताया कि वह लड़का दिल्ली से बेंगलुरु चला गया और वहां एक निर्माण स्थल पर एक मजदूर के रूप में काम करने लगा। अधिकारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद लड़के की तलाश के लिए कई टीम गठित की गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में अपहरण का पहलू जानने के लिए कई सूत्रों को सक्रिय किया गया।उन्होंने बताया कि बाद में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया और तमिलनाडु के कृष्णागिरी क्षेत्र (कर्नाटक-तमिलनाडु सीमा के पास) से लड़के को पकड़ा गया।

## नाला एवं नालियों की कराई जा रही साफ-सफाई



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। सोमवार को वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 नरेन्द्र प्रजापति जी के घर के सामने बड़ा नाला की सफाई कराई गई। वार्ड 18 में साई मंदिर के सामने का बड़ा नाला की साफ सफाई के साथ वार्ड 21 एवं 22 अस्पताल चौराहा से अटल रैन बसेरा तक सफाई कराई गई। वार्ड 40 नया तालाब का बड़ा नाला की सफाई कराई गई। छोटी पुल से ट्रांसपोर्ट नगर तक, सुभाष तिराहा से निराला नगर तक, समान नाका से तिवारी होटल तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। सिविल लाइन, कलेक्ट्रेट परिसर एवं फ्लाई ओवर की सफाई कराई गई। साथ ही सभी स्थानों से कचरे का उठाव टैक्टर एवं टैम्पो द्वारा कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव का निरीक्षण किया गया।

## मऊगंज में एवीवीपी के पूर्व संगठन मंत्री पर एफआईआर, भोपाल में दुष्कर्म की वारदात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पूर्व संगठन मंत्री भगवान सिंह मेवाड़ा पर नाबालिग आदिवासी लड़की से रेप का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने पास्को एक्ट, एससी-एसटी एक्ट सहित भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत मऊगंज में केस दर्ज किया है। पूरी घटना भोपाल के रवींद्र भवन की पार्किंग में हुई, लेकिन भोपाल में मामले दर्ज नहीं हुआ तो पीड़िता ने गृह जिले में मामला दर्ज करवाया।

अब पूरे मामले में कांग्रेस हमलावर हो गई है। कांग्रेस नेता विक्रम भूरिया ने पूरे मामले में पुलिस पर लापरवाही और महिला की शिकायत ना सुने जाने का आरोप लगाया। पीड़िता के पिता ने कहा- "मेरी बेटी बहुत डरी हुई थी। उसने हिम्मत जुटाकर हमें पूरी घटना बताई। आरोपी प्रभावशाली व्यक्ति है और हमें डर है कि वह हमारे परिवार को नुकसान पहुंचा सकता है। हम बस न्याय चाहते हैं।" एडिशनल एसपी अनुराग पांडे ने बताया, भगवान सिंह राजपूत और एक अन्य आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 70(2), 63, 64(1)(2), 65(1), 296, 115, 351(2) के साथ पास्को एक्ट की धारा 3/4 और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच जारी है और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी होगी। कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## ऊर्जा विभाग में लाइनमैन दिवस का आयोजन आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ऊर्जा विभाग के तहत संचालित पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पावर हाउस परिसर अमहिया में 4 मार्च को लाइनमैन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम श्रम कल्याण केन्द्र में दोपहर 12 बजे आरंभ होगा। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में बिजली देश की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है। घरेलू औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए बिजली का होना आवश्यक है। बिजली की नियमित और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने में विभाग के लाइनमैन की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। लाइनमैन के योगदान को रेखांकित करने तथा उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए लाइनमैन दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

## अतिक्रम हटाने के दौरान युवक जेसीबी के बकेट में बैठा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर निगम का अमला अतिक्रमण हटाने पहुंचा तो युवक विरोध करते हुए नगर निगम की जेसीबी के लोडर बकेट पर बैठकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। बताया गया है कि युवक दुकान का बोर्ड हटाने से नाराज था। रीवा में नगर निगम की कार्रवाई से नाराज एक युवक जेसीबी की लोडर बकेट में बैठ गया जिससे कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो गया। जिसके बाद युवक ने जमकर हंगामा किया।

दरअसल विवाद की शुरुआत दुकान के बोर्ड को हटाने को लेकर हुई। युवक अपनी दुकान का बोर्ड हटाने से नाराज हो गया। जिसके बाद निगम कर्मचारियों और युवक के बीच तीखी बहस हो गई। काफी देर तक बीच सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। बताया गया कि इन दिनों नगर निगम अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। शनिवार से शहर में सड़क को घेर कर लगाए गए बोर्ड भी हटाए जा रहे हैं। कार्रवाई के दौरान बजरंग नगर के पास एक सैलून का बोर्ड जैसे ही नगर निगम ने हटाया तो विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। शुभम सिंह ने बताया कि रोज की तरह दुकान में काम कर रहा था, अचानक नगर निगम की टीम पहुंची और उसके दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी ने देखा तो कहा कि बस दो मिनट रुक लीजिए हम अपना बोर्ड हटा लेते हैं, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी। जिससे आहत होकर वह जेसीबी की बकेट में बैठ गया।

## पेंशन प्रकरणों की संभागीय समीक्षा बैठक 6 मार्च को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 6 मार्च को दोपहर 12 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद जनवरी 2025 तक सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों की विभागवार तथा जिलेवार समीक्षा करेंगे। कलेक्टर सीधी, मऊगंज, सिंगरौली तथा सतना, तहसीलदार हनुमना, मऊगंज, रायपुर कर्चुलियान, त्योंथर, सरई, रघुराजनगर तथा अमरपाटन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मऊगंज, नईगढ़ी, जवा, रायपुर कर्चुलियान, रीवा एवं रामनगर को लंबित पेंशन प्रकरणों की पूरी जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## विधानसभा अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात, विकास कार्यों को जाना

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर अपने एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे। राज निवास सर्किट हाउस में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए स्वागत किया तथा सौजन्य भेंट कर चर्चा के दौरान जिले में चल रहे विकास कार्यों से अवगत कराया। इससे पूर्व रीवा एयरपोर्ट पर मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान मनगवां विधायक इंजी.नरेंद्र प्रजापति, त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय के निवास पर उनके पिता एवं वरिष्ठ नेता स्व. केशव पाण्डेय के निधन पर शोक प्रकट किया तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया। विधानसभा अध्यक्ष ने स्वर्गीय केशव पांडेय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने वरिष्ठ नेता अर्जुन सिंह चौहान के निधन पर उनके हेडगेवार नगर स्थित निवास पहुंच कर शोक संवेदना प्रगट करते हुए शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। विधानसभा अध्यक्ष ने स्वर्गीय अर्जुन सिंह चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



## स्पा सेंटर मसाज पार्लर की आड़ में चल रहा देह व्यापार का खेल!

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक स्पा सेंटर मसाज पार्लर का वीडियो वायरल हो रहा है इस वायरल वीडियो में स्पा सेंटर संचालक सहित वहां मौजूद युवतियां स्टिंग ऑपरेशन कर रहे युवकों से मसाज के नाम पर देह व्यापार के लिए बात करती सुनाई दे रही हैं। बताया गया है कि यहां 3000 से लेकर 6000 तक रेट भी निर्धारित किया गया है। वायरल वीडियो रीवा शहर के एक स्पा मसाज सेंटर पार्लर का बता जा रहा है। हालांकि मीडिया ऑडिटर इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो वायरल होने के बाद अब शहर के कई स्पा सेंटर और मसाज पार्लर संदेह के दायरे में आ गए हैं। वहीं पुलिस इन स्पा सेंटर मसाज पार्लर पर कार्रवाई करने की भी योजना बना रही है।



## 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की नि :शुल्क जांच के लिये अभियान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा रीवा जिले में 20 मार्च से 31 मार्च तक निरोगी काया अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर बीमारी की जाँच नि%शुल्क की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान में उप स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी और ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य जाँच की सुविधा रहेगी। जाँच के लिए डॉक्टर, चिकित्साकर्मी एवं एएनएम को तैनात किया गया है। जाँच के दौरान चिन्हित बीमारियों से पीड़ित पाए जाने पर रोगियों की जानकारी एनसीडी पोर्टल पर दर्ज कर उनका पंजीयन किया जाएगा। सभी रोगियों को तत्काल आवश्यक दवाएं दी जाएंगी। पोर्टल के माध्यम से रोगियों के स्वास्थ्य सुधार का लगातार फालोअप किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि रोगियों के डायबिटीज, ब्लडप्रेशर तथा अन्य जाँचों के लिए आवश्यक उपकरण सभी चिकित्सा केन्द्रों में उपलब्ध करा दिए गए हैं। अभियान के दौरान जिन व्यक्तियों का बाडी मॉस इंडेक्स 23 से अधिक है तथा कमर का घेरा महिलाओं में 80 सेंटीमीटर तथा पुरूष में 90 सेंटीमीटर अधिक है उनकी फाइब्रो स्कोर, खून की जाँच डाक्टरों द्वारा की जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर मेडिकल आफीसर तथा विकासखण्ड स्तर पर बीएमओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के दौरान रीवा शहर में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 10 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों में 30 वर्ष से अधिक के सभी व्यक्तियों की जाँच की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने पात्र व्यक्तियों से अभियान से लाभ उठाने की अपील की है।

## सभी अधिकारी संवेदनशीलता से सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि लगातार निर्देश के बावजूद सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरती जा रही है। अभी भी कई विभाग डी और सी श्रेणी में हैं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का सभी अधिकारी संवेदनशीलता से निराकरण करें। प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार हो। प्रत्येक प्रकरण में उचित तथ्यों के साथ स्पष्ट निराकरण दर्ज करेंगे तभी प्रकरण निराकृत होगा। सभी अधिकारी शिकायतों को स्वयं देखें तथा उनका निराकरण करें। फरवरी माह में दर्ज शिकायतों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें।

कलेक्टर ने कहा कि श्रम विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, योजना विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से संबंधित शिकायतों के लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को एल-1 अधिकारी बनाया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इन विभागों से संबंधित जनपद पंचायतों में लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण कराएं। ऊर्जा विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा श्रम विभाग में इस माह बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज हुई हैं। संबंधित अधिकारी इनके निराकरण पर विशेष ध्यान दें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अस्पताल में होने वाले प्रसव के बाद नवजातों को डिस्चार्ज के समय जन्म प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के सभी प्रकरणों का निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई गर्मियों में प्रत्येक बसाहट में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अभी से प्रयास शुरू कर दें। हैण्डपंपों में राइजर पाइप बढ़ाने तथा अन्य सुधारों के लिए विशेष अभियान चलाएं। पेयजल से जुड़ी शिकायतों के निराकरण के लिए विकासखण्डवार व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने ढेकहा तिराहे से करहिया मण्डी तक सड़क के चौड़ीकरण, बायपास के फोरलेन निर्माण कार्य, गेंहू उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन तथा उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करें तथा संबंधित विभागीय अधिकारी मानीटरिंग करते हुए कार्य को गति दें।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में बेला सिलपरा रिंग रोड की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बड़े पुल, कैनाल पुल तथा आरओबी के निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सिलपरा में जंक्शन स्थल का कार्य कराने तथा प्रारंभ में इसे आवागमन में अवरोध न हो ऐसी स्थिति में किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने 13 किमी लंबाई के रिंग रोड में कराये जा रहे सड़क, पुल पुलिया निर्माण कार्यों की विस्तार से पावर प्वांइट के माध्यम से प्रेजेंटेशन देखा व कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने रीवा-सीधी मार्ग को चौड़ीकरण किये जाने के संबंध में रीवा एवं गुढ़ तहसील में भूअर्जन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि समयबद्ध तरीके से भूअर्जन की कार्यवाही करायें ताकि इसमें विलंब न हो। उन्होंने रीवा वायपास के चौड़ीकरण कार्य में अर्जित भूमि में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

## रेडक्रॉस सोसायटी रीवा को राज्य स्तरीय प्रथम अतिउत्तम पुरस्कार प्रदान किया




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राजभवन भोपाल में आयोजित रेडक्रॉस की राज्य स्तरीय बैठक में राज्यपाल एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसाइटी मध्यप्रदेश मंगूभाई पटेल द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रीवा को समस्त गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य हेतु ""स्पेशल अवॉर्ड फॉर ओवरऑल परफॉर्मेंस प्रदान किया गया। रेडक्रॉस रीवा के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, सचिव डॉ विनोद कुमार श्रीवास्तव,डॉ श्रीराम चतुर्वेदी द्वारा यह पुरस्कार ट्रॉफी राज्यपाल महोदय के करकमल से प्राप्त की गई।

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने रीवा शाखा को उनके द्वारा संचालित समस्त प्रकल्पों के सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्यों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि रीवा जिले नें गरीब एवं कमजोर जनों को अपना मानकर सेवा कार्य किया है इसी प्रकार अन्य जिलों को भी प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में रीवा रेडक्रॉस की तरह सेवा कार्य संपादित किये जाने चाहिए। रीवा रेडक्रास इकाई को प्राप्त इस सम्मान एवं पुरस्कार पर माननीय उप मुख्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इसके साथ ही रीवा जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल ने टीम रेडक्रास रीवा एवं मैनेजिंग कमेटी के कार्यों की सराहना की। मध्यप्रदेश राज्य शाखा के चेयरमैन डॉ गगन कोल्हे, महासचिव रामेंद्र सिंह,वाइस चेयरमैन भारत झवर, कोषाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव ने भी मध्य प्रदेश रेडक्रॉस की ओर से रीवा रेडक्रास को बधाई दी गई।

## मऊगंज में चार अधिकारियों को नोटिस

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को समय सीमा में निराकृत न करने पर कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने चार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन, बीएमओ हनुमना डॉ नागेन्द्र मिश्रा, बीएमओ नईगढ़ी एसडी कोल एवं डीआरईओ नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा नवनीत रठिया को सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकृत न किए जाने के फलस्वरूप विभाग की श्रेणी में सी व डी में रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## जनजातीय आनंद उत्सव का आयोजन 8 से

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 8 मार्च को शाम 6 बजे जनजातीय आनंद उत्सव का शुभारंभ करेंगे। उत्सव का आयोजन कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में किया जा रहा है। समारोह में प्रवेश निःशुल्क है। समारोह की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में ग्वालियर की नृत्यांगना अपर्णा सराठे शाम 7 बजे कत्थक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। इसके बाद छतरपुर की लोक गायिका कविता शर्मा शाम 7.30 बजे बुंदेली लोकगीतों की प्रस्तुति देंगी।

## नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु हरी झण्डी दिखाकर प्रचार रथ रवाना




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु ग्रामीण अंचलों में प्रचार प्रसार हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रचार रथ को रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरूण सिंह, न्यायाधीश अश्वनी सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, लीगल एड, डिफ्रेस काउसेल के चीफ सुरेन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ आनंद पाण्डेय, मंजूर अहमद मसूरी अनीश पाण्डेय, आरती तिवारी, रमेश कुशवाहा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### महापौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

## तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही प्रभावी कदम उठाने के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर निगम महापौर अजय मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है, जब हर नागरिक जागरूक होगा, तभी हमारा शहर स्वच्छता रैंकिंग में ऊंचा स्थान हासिल करेगा। शहर की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर निगम महापौर ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में वर्तमान में चल रही तैयारियों का जायजा लिया और सभी आवश्यक बिंदुओं पर प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता तभी संभव है, जब हर नागरिक स्वयं इसके प्रति जागरूक हो। महापौर ने निर्देश दिए कि खुले में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई की जाए। वार्डों में कचरा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए रेमकी को कचरा उठाव समय पर करने और उसकी गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, रेमकी सुपरवाइजरों को वार्ड जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर स्वच्छता संबंधी कचरा उठाव शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए कहा। नगर निगम की स्वच्छता टीम को सभी पार्षद जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर स्वच्छता जागरूकता अभियान तथा फीडबैक प्रक्रिया में शामिल इसको प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। इससे जमीनी स्तर पर मौजूद खामियों को दूर किया जा सकेगा और नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। शहर में स्वच्छता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यकतानुसार नए यूरिनल्स के स्थान चिन्हित कर कार्य कराने के निर्देश दिए गए। शहर के सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की सतत निगरानी की जाए एवं सभी व्यवस्था लगातार दुरुस्त हो। सुलभ शौचालय नियमित रूप संचालित हो एवं जो सुलभ सही अवस्था में नहीं है उनका प्रतिवेदन प्रस्तुत करें तथा उक्त अनुरूप कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अलावा, फायर वाहनों का उपयोग के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर निर्देशित किए कि नगर निगम के फायर वाहनों का उपयोग केवल अग्निशमन कार्यों के लिए ही हो। मच्छरों के प्रकोप से बचाव हेतु सभी वार्डों में दवा का छिड़काव शुरू करने के निर्देश दिए।



विशेष रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों में नियमित रूप से दवा का छिड़काव सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही, प्रकाश चौक से कॉलेज चौक, पीली कोठी एवं रसिया मोहल्ला रोड़ पर डिवाइडर सौंदर्यीकरण तथा जयस्तंभ के सौंदर्यीकरण की योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने निर्देश दिए कि स्व सहायता समूह और एसबीएम कन्वर्जेंस के माध्यम से झाड़ू तैयार कर सफाई मित्रों को उपलब्ध कराई जाए। नगर निगम की टीम पूरी सक्रियता से कार्य कर रही है, जिससे शहर स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान प्राप्त कर सके। महापौर ने शहरवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें, सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। साथ ही, नागरिकों से अनुरोध किया गया कि नगर निगम कंट्रोल रूम द्वारा जारी टोल-फ्री नंबर 18008899711 पर संपर्क कर किसी भी प्रकार की स्वच्छता संबंधी शिकायतों का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। आपका सहयोग ही स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर की पहचान बनेगा। बैठक में एमआईसी सदस्य श्री धनेन्द्र सिंह बघेल, श्री रवि तिवारी, श्री गुलाम अहमद, कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी, सहायक आयुक्त/एसबीएम नोडल अधिकारी श्रीमती रूपाली द्विवेदी, सहायक यंत्री श्री राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, श्री मुरारी कुमार, स्वच्छता कंसलटेंट, आईईसी हेड, रेमकी के प्रतिनिधि एवं स्वच्छता निरीक्षक मौजूद रहे।

# एमआईसी की बैठक में हंगामा, आधा घंटे में स्थगित

## महापौर और कमिश्नर के नहीं आने पर भड़के पार्षद, चार माह बाद हो रही थी मीटिंग

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली नगर निगम की परिषद बैठक में सोमवार को महापौर और कमिश्नर की अनुपस्थिति के कारण जमकर हंगामा हुआ। बैठक महज आधे घंटे में ही स्थगित करनी पड़ी।



महापौर रानी अग्रवाल (आम आदमी पार्टी) और नगर निगम कमिश्नर के साथ पूरी एमआईसी भी बैठक में नहीं पहुंची। भाजपा और कांग्रेस दोनों के पार्षदों ने इस पर कड़ा विरोध जताया।

वार्ड 31 के पार्षद भारतेंदु पांडे ने आरोप लगाया कि महापौर बनने के बाद से रानी अग्रवाल ने शहर के विकास के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि एमआईसी की बैठकों में सिर्फ अधिकारियों पर दबाव बनाने की बात होती है।

कांग्रेस के पार्षदों ने जमीन पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कमिश्नर और महापौर के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही महापौर के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास करने की मांग की।

वार्ड 9 के पार्षद शेखर सिंह ने कहा कि महापौर को बाहर जाना था तो अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर सकती थीं। इससे विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकता था।

वार्ड 40 की पार्षद सीमा जायसवाल ने कहा कि जनता ने आम आदमी पार्टी की महापौर को नए बदलाव की उम्मीद में चुना था, लेकिन वह विकास के मुद्दों से भाग रही हैं।

नगर निगम के अध्यक्ष देवेश पांडे कहा है कि नगर निगम की जो महापौर हैं। वह तानाशाही रवैया अपना आए हुए हैं जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है, वह भी वह कर रही हैं। परिषद की बैठक वह नहीं करना चाहती हैं। इसी वजह से वह भाग रही हैं, जबकि इस परिषद की बैठक को रोकने के लिए पहले उन्होंने फाइल को लेट किया। उसके बाद सूचना होने के बाद ही गायब हो गईं।

# कार ने मारी बाइक की टक्कर

## कुसमी के छह लोग घायल, दो की हालत नाजुक



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले में सोमवार को एक सड़क हादसे ने छह लोगों को घायल कर दिया। कुसमी थाना क्षेत्र के छपराटोला में सोमवार को दोपहर 4:30 बजे यह हादसा हुआ।

कुसमी-बंजारी मार्ग पर बंजारी से कुसमी की ओर जा रही ऑल्टो कार (एमपी 53 सीए 1620) ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक 10 मीटर दूर नदी की तरफ जाकर एक पेड़ से टकराई।

बाइक सवार पूजा सिंह (20) का पैर टूट गया। पंकज सिंह को भी गंभीर चोटें आईं। कार में सवार मेड़रा गांव के चार लोग भी घायल हुए। इनमें पवन कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव, पवन कुमार यादव और राहुल यादव शामिल हैं।

ग्रामीणों ने डायल 100 और एंबुलेंस को सूचना दी। स्वामी विवेकानंद परिवार एजुकेशन सोसाइटी की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुसमी में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्र गान एवं राष्ट्रगीत का गायन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मार्च माह के कार्य का आगाज राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर अंशुमन राज की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ।



इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# 23 जुआरी गिरफ्तार, पुलिस ने 15 लाख का माल किया जब्त, यूपी से भी आए थे खेलने

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले की विंध्यनगर थाना पुलिस ने सोमवार को जुए के अड्डे पर छापा मारा। पुलिस ने यहां 23 जुआरियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 1,46,700 रुपए नकद और ताश के 52 पत्ते बरामद किए गए।



पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि मुखबिर से नवानगर थाना क्षेत्र के माजन खुर्द में जुआ खेलने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर नवानगर थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में चार टीमें गठित की गईं।

**इनकी हुई जब्ती:** पुलिस टीम जब खुले खेत में पहुंची, तो वहां 25-30 लोग जुआ खेलते मिले। कुछ लोगों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने 23 आरोपियों को पकड़ लिया। मौके से 16 बाइक भी बरामद हुईं, जिनकी कीमत 13,53,300 रुपए आंकी गई है। कुल मिलाकर करीब 15 लाख रुपए का सामान जब्त किया गया।

**जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई:** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कई आरोपी उत्तर प्रदेश से जुआ खेलने आए थे। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस ऑपरेशन में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक रामसुख यादव और पुलिस लाइन सिंगरौली से सूबेदार आशीष तिवारी सहित एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

## बहन के घर चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

# बिजौरी में जेवर और 5 हजार नकदी समेत 70 हजार की चोरी को दिया अंजाम



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल के सोहागपुर थाना क्षेत्र के बिजौरी गांव में एक महिला ने अपनी रिश्ते की बहन के घर में चोरी की। पुलिस ने सोमवार को आरोपी महिला और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

**मजदूरी के लिए शहर गई थी पीड़िता:** पीड़िता चमाना बैगा शुक्रवार को मजदूरी के लिए शहर गई थी। वह शाम को घर लौटी और खाना खाकर सो गई। सुबह जागने पर उसने देखा कि दूसरे कमरे का ताला टूटा हुआ था। कमरे में रखे टीन के ड्रम से जेवर और 5 हजार रुपए नकद सहित कुल 70 हजार रुपए का सामान गायब था।

**रिश्ते की बहन ने चुराया था सामान:** जांच में पता चला कि चोरी पीड़िता की रिश्ते की बहन पूजा बैगा (23) ने की थी। वह चोरी का सामान लेकर पाली के ग्राम उदरी में अपने एक साथी के पास गई थी। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार के उदरी पहुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी का सारा सामान भी बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी के साथ प्रधान आरक्षक मनोज शुक्ला और उनकी टीम ने कार्रवाई की।

# पुलिस ने अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

## चालक फरार, लोग बोले- पुलिस की मिलीभगत से बढ़ रहा खनन

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल में जैतपुर पुलिस ने सोमवार दोपहर चंद्रपुर स्कूल के पास से अवैध रेत से भरा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। पुलिस को देखते ही चालक अर्जुन गुप्ता मौके से फरार हो गया। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को स्कूल के पास एक नीला ट्रैक्टर रेत से भरा मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ खनिज अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।



जैतपुर थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड ने बताया कि यह रेत कुनूक नदी से निकाली गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में रेत का अवैध कारोबार निरंतर बढ़ रहा है।

**लोग बोले- पुलिस की मिलीभगत से हो रहा रेत खनन:** वरिष्ठ समाज सेवी शानुल्लाह खान ने गोहपारू पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की मिलीभगत से गोहपारू थाना क्षेत्र में स्थानीय माफिया खुलेआम रेत का अवैध खनन कर रहे हैं। उन्होंने थाना प्रभारी के चालक और एक आरक्षक पर भी रेत माफिया से साठगांठ का आरोप लगाया है।

# मजदूर महिला के घर चोरी, नगदी ले गए बदमाश

## परिवार के सोते समय वारदात, पुलिस बोली- माल बरामद, जल्द खुलासा करेंगे

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में अमराडंडी के वार्ड नंबर 8 में मजदूर महिला जानकी सिंह गौड़ के घर से चोर ने 5 हजार रुपए चुरा लिए। घटना उस समय हुई जब जानकी अपने एक रिश्तेदार के घर गई थी। उसकी बहू और अन्य परिवारजन घर के दूसरे कमरे में सो रहे थे। रविवार रात में चोर ने सेंध लगाकर घर में प्रवेश किया। आवाज सुनकर जब परिवार के लोग जागे, तो दरवाजा बाहर से बंद मिला।



जानकी को जैसे ही घटना की सूचना मिली, वह तुरंत रिश्तेदारों के साथ घर पहुंची। महिला ने बताया कि वह मजदूरी करती है और धीरे-धीरे पैसे जोड़कर रखे थे।

थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि आरोपी की पहचान हो गई है और चोरी का माल भी बरामद कर लिया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**कुछ दिन पहले भी हुई थी चोरी:** दरअसल, कुछ दिन पहले भी अमलाई में इसी तरह की एक चोरी हुई थी। उस वारदात में चोर सोने-चांदी के जेवरात और 70 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए थे। इस मामले के आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती, शादी का झांसा देकर होटल में रेप, युवती से दुष्कर्म का आरोपी शहडोल से गिरफ्तार




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर पुलिस ने सोमवार को एक युवती से रेप के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जितेंद्र सिंह गोड़ (25) के रूप में हुई है। वह शहडोल जिले के ग्राम कोसमटोला का रहने वाला है।

21 साल पीड़िता ने शुक्रवार को कोतवाली अनूपपुर में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि आरोपी से उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी। जितेंद्र ने उससे शादी का वादा किया। इसके बाद वह उसे अनूपपुर के एक होटल में ले गया। वहां पति-पत्नी के रूप में रुके और आरोपी ने उसका शारीरिक शोषण किया। बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया।

**पुलिस ने शहडोल के जैतपुर से किया गिरफ्तार:** पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने धारा 64(2) एम, 69 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया। महिला उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को जैतपुर से गिरफ्तार कर लिया। टीम में प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, आरक्षक प्रकाश तिवारी और अब्दुल कलीम शामिल थे।

# शादी में नहीं बुलाया तो बारात रोकी, पड़ोसी ने पुलिस से की मारपीट, आरोपी की पत्नी-बेटी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल में ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खुटहरा गांव में एक व्यक्ति ने शादी में न बुलाए जाने की खुन्नस में बारात को रोक दिया। घटना रविवार रात की है। बताया गया कि रमेश कुशवाहा की बेटी की शादी थी। उनके पड़ोसी मनोज यादव से जमीन विवाद के चलते उन्होंने शादी में नहीं बुलाया। इससे नाराज मनोज यादव डंडा लेकर अपने घर के सामने खड़ा हो गया। उसने दूल्हे की गाड़ी को रोक दिया। बारातियों में दहशत फैल गई और बैंड-बाजा भी बंद हो गया।





बारातियों और ग्रामीणों ने डायल 100 को सूचना दी। मौके पर पहुंचे आरक्षक ऋषभ शुक्ला और पायलट भानु प्रताप सिंह को देख मनोज वहां से भाग गया। पुलिस ने बारात को आगे बढ़ाया। इसी दौरान मनोज फिर डंडा लेकर लौटा और आरक्षक ऋषभ शुक्ला पर हमला कर दिया।

**आरोपी ने पुलिस से मारपीट:** जब पायलट भानु प्रताप बीच-बचाव करने पहुंचे, तो मनोज की पत्नी और बेटी ने भी उनके साथ मारपीट की। इस घटना में आरक्षक घायल हो गए हैं। पुलिस ने सोमवार को मनोज, उसकी पत्नी और बेटी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**आरोपी की पत्नी बेटी गिरफ्तार:** घटना देख गांव के लोग इकट्ठा हो गया और पुलिसकर्मियों को किसी तरीके से आरोपियों के चुंगल से छुड़ाया, इसके बाद डायल 100 में आरक्षक और पायलट सवार होकर थाने पहुंचे और मामले की जानकारी थाना प्रभारी को दी। पुलिस कर्मियों से मारपीट की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे तो आरोपी मनोज यादव उसके पहले ही घर से फरार हो चुका था, पुलिस ने आरोपी की पत्नी और बेटी को गिरफ्तार किया है।

**आरोपी पर केस दर्ज:** ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि मामले पर शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं के तहत आरोपी मनोज यादव उसकी पत्नी-बेटी पर केस दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी की तलाश जारी है।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार, गहने और नकदी बरामद, ताले खोलने के लिए रखता था 64 प्रकार की चाबियां



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** पन्ना जिले के गुनोर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 64 प्रकार की चाबियां, चोरी किए गए चांदी के गहने और 18 हजार रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

घटना 2 मार्च की है, जब जगसूरिया प्रजापति के घर में चोरी हुई थी। फरियादी ने बताया कि जब वह घर पहुंचा तो एक व्यक्ति घर के अंदर मिला। आरोपी फरियादी के सिर पर चोट मारकर फरार हो गया। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था और चांदी के आभूषण, नकदी व जरूरी दस्तावेज गायब थे।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चांदी की एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछिया, तीन अंगूठियां, 18,000 रुपए नकद और 730 रुपए के सिक्के बरामद किए गए। चोरी का सामान करीब 45 हजार रुपए का है।

इसके अलावा आरोपी के पास से चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार, एक बड़ा लोहे का कटर, एक छोटा कटर, प्लास, पेचकस और 64 अलग-अलग चाबियां भी बरामद की गईं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस सीधी के इको क्लब ने किया एक दिवसीय शैक्षणिक प्रकृति भ्रमण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के कुशल निर्देशन में महाविद्यालय में गठित इको क्लब के संयोजक प्रो. दिवाकर सिंह ने इको क्लब के सदस्य छात्र-छात्राओं के साथ 2 मार्च दिन रविवार को एक दिवसीय शैक्षणिक प्रकृति भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के सिंह ने महाविद्यालय के प्रांगण से इको क्लब के संयोजक एवं सदस्यों की टीम को भ्रमण हेतु रवाना किया।



इको क्लब के सदस्यों ने गोरियरा बांध, गोपद नदी एवं बरचर वेटलैंड के आसपास के वनों में उपस्थित जैव विविधता का अध्ययन कर उनके बारे में जाना। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भ्रमण के दौरान इन स्थानों पर मौजूद जैव विविधता के संबंध में तन्मयता के साथ प्रो.दिवाकर सिंह से प्रश्न पूछ कर जानने का प्रयास किया। उन्हें स्थल पर ही समाधान कारक उत्तर से संतुष्ट किया गया। टीम के सभी सदस्यों ने उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। भ्रमण कार्यक्रम में राम आश्रय जायसवाल एवं शकुंतला सोंधिया ने इको क्लब संयोजक एवं सदस्यों का सहयोग किया। भ्रमण अपने उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए संपन्न होने पर प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार ने पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

# कलेक्टर ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा

## सीएम हेल्पलाइन और राजस्व विभाग की शिकायतों का जल्द निपटारा करने के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सोमवार को कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत से हुई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करें। शिकायतकर्ता से सीधे संपर्क कर समस्या को समझें। किसी भी स्थिति में शिकायत अनअटेंडेड न छोड़ें।



**कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदारों को दिए निर्देश:** राजस्व विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदारों को विशेष निर्देश दिए। 50 और 100 दिन से अधिक समय से लंबित सीमांकन, बटांकन और नक्शातरमीम के मामलों को प्राथमिकता से निपटाएं। तहसीलदारों को मौके पर जाकर शिकायतों का निराकरण करने को कहा।

विधानसभा सत्र में शहडोल जिले से संबंधित प्रश्नों के जवाब शीघ्र भेजने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य, खाद्य, कृषि, ऊर्जा, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त और सहकारिता विभाग की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सहायक कलेक्टर सौम्या आनन्द, जैतपुर की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमृता गर्ग सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार पद्मधरपति त्रिपाठी का निधन



**सीधी।** जिला के वरिष्ठ पत्रकार पद्मधरपति त्रिपाठी का लम्बी बीमारी के बाद मजीएम अस्पताल चेन्नई में निधन हो गया वे 55 वर्ष के थे। त्रिपाठी लंबे समय से बीमार थे। बीमारी के चलते ही वह पिछले दो-तीन वर्षों से भोपाल प्रवास पर थे। मौजूदा समय में वह समय प्रकाशन समूह के मालिक थे। त्रिपाठी का पार्थिव शरीर 04 मार्च को सीधी लाया जाएगा उसके बाद 05 मार्च की सुबह उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज मे किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके दुखद निधन पर पत्रकार जगत में शोक व्याप्त है।

# विचार

## यूक्रेन को यूरोपीय देशों ने दी 40000 करोड़ की मदद

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों सारे देश और दुनिया में चर्चा का विषय बने हुए हैं। ट्रंप जिस तरह से अमेरिका की नीतियों और यूरोपीय देशों की उपेक्षा करते हुए अपने व्यापारिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं, उसके कारण अमेरिका और यूरोप के देशों में ट्रंप के खिलाफ रोष देखने को मिल रहा है। जिसका व्यापक असर अमेरिका के राज्यों और यूरोपीय देशों के बीच दिखना शुरू हो गया है। ट्रंप ने जिस तरह का व्यवहार यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ किया है, उसे यूरोप और नाटो देशों ने पसंद नहीं किया। अमेरिका से जेलेंसकी के लंदन लौटने के बाद ब्रिटेन में 27 देशों के प्रतिनिधि यूक्रेन के समर्थन में होने वाली बैठक में शामिल हुए। सभी देशों ने मिलकर युद्धग्रस्त यूक्रेन की सहायता करने के लिए 40000 करोड़ रुपए की तुरंत सहायता यूक्रेन को देने की घोषणा की। यूरोप और नाटो संगठन के देशों में प्रतिबंध के बाद रूस के लगभग 40000 करोड रुपए यूरोपीय देशों के पास जमा थे। उस पैसे को तुरंत यूक्रेन को मदद के रूप में देने का फैसला यूरोप के देशों ने किया। इसे एक ऐतिहासिक फैसला माना जा सकता है। यूरोप को अपनी सुरक्षा के लिए ऐसा निर्णय लेना पड़ा। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रोकने के लिए जिस तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरफा शर्तें यूक्रेन के ऊपर लाद रहे थे, नाटो देशों को शांतिवार्ता में शामिल नहीं कर रहे थे, उसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया अंतरराष्ट्रीय जगत में देखने को मिली है। यूरोप के देश चाहते हैं, शांति प्रयासों में अमेरिका के साथ यूरोप के देशों को भी शामिल किया जाए। लंदन समिट में यूरोप के 44 देश के 24 नेता व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए थे। जो इस बात को पुख्ता करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा रूस और यूक्रेन के बीच में जो शांति स्थापित करने की कोशिश की जा रही है, उसके लिए जो शांति प्रस्ताव तैयार कर गुंडागर्दी की जा रही है, वह उसका विरोध करते हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री ने यहां तक कह दिया, 50 करोड़ यूरोपीय नागरिकों को हम अमेरिका के भरोसे नहीं छोड़ सकते हैं। 14 करोड़ रुसी, 50 करोड़ यूरोपीय नागरिकों पर जबरदस्ती नहीं कर सकते हैं। यूरोप के 44 देशों ने एकमत से प्रस्ताव पास किया है। वह रूस और अमेरिका के सामने सरेंडर नहीं करेंगे। अपनी लड़ाई खुद लड़ने में सक्षम हैं। यूरोप के देशों में रूस से ज्यादा गुस्सा अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर है। अमेरिका यूक्रेन और नाटो देशों के साथ जो समझौता हुआ था, उस समझौते से अमेरिका मुकर रहा है। जिसके कारण अब यूरोप के देश संगठित होकर यूक्रेन के साथ खड़े हो गए हैं। वैश्विक स्तर पर जो घटना देखने को मिल रही है। उसके बाद यही कहा जा सकता है, कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जल्द ही यूरोप और नाटो देशों के साथ वार्ता नहीं की, तो अमेरिका पूरी तरह से अलग-थलग पड़ सकता है।

# दिल्ली सरकार के सामने चुनौतियों का अंबार

**हर दौर में राजनीति के केंद्र में कुछ ही मुद्दे होते हैं, जिनके इर्द-गिर्द ही पूरी राजनीति चलती है और उन्हीं को ध्यान में रखते हुए कदम भी उठाती है। इसे राजनीति का युगबोध भी कह सकते हैं। मौजूदा राजनीति के केंद्र में दलित, पिछड़ा और महिलाओं से जुड़े मुद्दे ही हैं। शायद इसी वजह से बीजेपी पर उसके विरोधी आरोप लगाते रहते थे कि वह महिलाओं की बात तो खूब करती है, लेकिन उसके पास कोई महिला मुयमंत्री नहीं है। विरोधियों के आरोप को इससे भी दम मिलता था कि देश के 19 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में बीजेपी की सरकारें हैं। फिर बीजेपी महिला समान और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं की बात भी खूब करती है। दिल्ली की जनता ने जब 27 साल के अंतराल के बाद बीजेपी को साा सौंपी, तभी तकरीबन तय हो गया कि दिल्ली को इस बार महिला मुयमंत्री मिल सकती है। इस दौड़ में रेखा गुप्ता आगे निकल गईं और अब दिल्ली की कमान उनके हाथ है।**



रेखा गुप्ता को देश की राजधानी की कमान तो मिल गई है, लेकिन उनके लिए राजधानी की सत्ता फूलों की सेज नहीं है, बल्कि कांटों भरी राह है। उनके सामने चुनौतियां ही चुनौतियां हैं। मोटे तौर पर अगर विचार करें तो उन पर यमुना की सफाई कराने, राजधानी को स्वच्छ वातावरण मुहैया कराने के साथ ही महिला सम्मन निधी देने, मुफ्त की सुविधाएं जारी रखने, और राज्य का स्वास्थ्य ढांचा बेहतर बनाने का दबाव ज्यादा रहेगा। बीजेपी ने केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार और शीश महल को बड़ा मुद्दा बनाया था, इसलिए रेखा गुप्ता सरकार के सामने दिल्ली में स्वच्छ प्रशासन देना भी बड़ी चुनौती होगी और इसके जरिए उन्हें अरविंद केजरीवाल के सामने बड़ी लकीर खींचनी होगी। रेखा गुप्ता राजधानी दिल्ली की राजनीति में मौजूद बीजेपी दिग्गजों के सामने जूनियर भी हैं। इसलिए वरिष्ठ नेताओं से समन्वय बनाने और उनके सहयोग से संगठन को भी आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी रहेगी।

भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान वादा किया था कि वह दिल्ली की कभी लाइफ लाइन रही यमुना की सफाई कराएगी। पार्टी ने नदी को स्वच्छ बनाने के साथ ही उसके सौंदर्यीकरण का भी वादा किया था। नदी सफाई का काम शुरू हो चुका है। लेकिन नदी में गिरने वाले नालों के पानी को साफ करने की अभी तक कोई ठोस योजना शुरू नहीं हुई है। चूंकि बीजेपी का एक उद्देश्य यमुना के पानी को पवित्र बनाना भी है, लिहाजा उसे इस दिशा में ठोस पहल करनी ही होगी। दिल्ली की सरकार में अघोषित तौर पर नंबर दो की हैसियर रखने और केजरीवाल को चुनावी चौसर पर मात देने वाले प्रवेश वर्मा चुनाव अभियान के आखिरी दौर में केजरीवाल की होर्डिंग को यमुना में डुबाकर दिल्ली के सामने यमुना की गंदगी को मुद्दा बना चुके हैं। लिहाजा यमुना की सफाई के लिए रेखा गुप्ता सरकार को प्राणपण से लगना होगा। अगर एक खास अवधि में यमुना साफ होती नहीं दिखी तो आंदोलन से उभरी केजरीवाल राजनीति इसे मुद्दा बनाकर रेखा गुप्ता सरकार की नाक में दम करने से नहीं चूकेगी। वैसे भी दिल्ली में करीब पैंतीस फीसद तक हिस्सेदार हो चुकी पूर्वांचली जनसंख्या का लोक पर्व छठ पानी के ही किनारे मनाया जाता है। अगर साल-दो साल बाद उसे साफ यमुना नहीं मिली तो उसका मन बदल सकता है। कहना न होगा कि इस जनसंख्या ने इस बार बीजेपी पर भरोसा ज्यादा जताया है।

दिल्ली की नवेली रेखा सरकार पर राजधानी में स्वच्छ हवा और वातावरण मुहैया कराने की भी बड़ी चुनौती है। वैसे भी वायु प्रदूषण के मामले में दिल्ली की हालत देश में सबसे खराब है। सर्दी के मौसम में कई साल से यहां सामान्य सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। पूरी राजधानी धूल और धुएं के चादर से ढंक जाती है। अरविंद और बाद में आतिशी सरकार पर आरोप रहा कि राजधानी दिल्ली के लोगों को सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा तक नहीं मुहैया नहीं करा सकी। अब रेखा गुप्ता सरकार पर जिम्मेदारी है कि वह राजधानी दिल्ली को स्वच्छ हवा और वातावरण मुहैया कराए। उन्हें वायु प्रदूषण हर हाल में कम करना ही होगा। बीजेपी ने विधान सभा चुनाव के वक्त इस बात की गारंटी दी थी कि केजरीवाल सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को बंद नहीं करेगी। उसने तो केजरीवाल सरकार की दो सौ यूनिट की बजाय तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने, मुफ्त पानी मुहैया कराने और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने का वादा भी किया था। इस दिशा में रेखा सरकार को तेजी से काम करना होगा, अन्यथा मुफ्त की आदत वाली जनता का मन बदलते देर नहीं लगेगी। चुनाव अभियान के दौरान बीजेपी ने दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया था, जो केजरीवाल की पार्टी के 2100 रूपए महीने के वायदे से ज्यादा है। महिलाएं आज की राजनीति की धुरी बनती जा रही हैं। बीजेपी और रेखा गुप्ता सरकार पर दबाव रहेगा कि वह महिलाओं के लिए सम्माननिधि की घोषणा ना सिर्फ जल्द करे, बल्कि उसे सुचारू तरीके से लागू भी करे।

केजरीवाल सरकार द्वारा बहुप्रचारित स्वास्थ्य और शिक्षा मॉडल के खोखलेपन को भी बीजेपी ने मुद्दा बनाया था। रेखा सरकार के सामने दिल्ली की सरकारी शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने के साथ ही स्वास्थ्य सेवा के प्रति लोगों में भरोसा बहाल करने और बेहतर सुविधा मुहैया कराने का दबाव रहेगा। वैसे भी दिल्ली के सरकारी अस्पतालों पर दूसरे राज्यों के मरीजों के इलाज का दबाव ज्यादा रहता है। लिहाजा रेखा सरकार पर अस्पतालों की लंबित परियोजनाएं पूरा करना और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की संख्या बढ़ाने की चुनौती है। दिल्ली के बड़े सरकारी अस्पतालों की ओपीडी, दवा काउंटर पर मरीज घंटों कतार में लगने को मजबूर हैं। जांच व इलाज में वेटिंग बड़ी समस्या है। इसकी वजह यह है कि दिल्ली के सरकारी अस्पताल डॉक्टर, नर्सिंग व पैरामेडिकल कर्मियों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा गठित कमेटी भी अपनी रिपोर्ट में इन समस्याओं को उठा चुकी है। दिल्ली में 24 अस्पतालों की परियोजनाएं लंबित हैं। इनमें सात आईसीयू अस्पताल, चार नए अस्पताल और 13 वर्तमान अस्पतालों की विस्तार परियोजनाएं शामिल हैं। ये परियोजनाएं पूरी होने पर दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 16,186 बेड बढ़ जाएंगे। विधानसभा की पहली कार्यवाही बैठक में यह सवाल भी उठ चुका है। आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के छह अस्पतालों का निर्माण कार्य 90 से 99 प्रतिशत और चार अस्पतालों का निर्माण कार्य 80 से 89 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। वैसे भी दिल्ली के स्वास्थ्य बजट का बड़ा हिस्सा अस्पतालों के संचालन व वेतन पर खर्च होता। लिहाजा स्वास्थ्य परियोजनाओं के लिए आवश्यक बजट जुटाना नई सरकार के लिए चुनौती है।

दिल्ली में देश के किसी भी राज्य या शहर की तुलना में सबसे ज्यादा गाड़ियां हैं। इसकी वजह से सड़क हादसे भी यहां खूब होते हैं। दिल्ली सरकार को जहां सड़कों के निर्माण पर काम करना होगा, वहीं सार्वजनिक परिवहन सुविधा बढ़ानी होगी। इस बीच दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में शामिल दो हजार क्लस्टर बसों की मियांद पूरी होने वाली है। अगर ये बसें सड़कों से हटीं तो दिक्कतें बढ़ जाएंगी। इसका भी रेखा सरकार को ध्यान रखना होगा। इसके साथ ही सड़क हादसा पीड़ितों के इलाज के लिए दिल्ली में मौजूद दो ट्रामा सेंटरों की संख्या बढ़ानी होगी।


दिल्ली के लोगों को नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में दिल्ली के लिए पीएम आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन स्कीम (पीएम एबीएचआइएम) के तहत 2406.77 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को स्वीकृति दी थी। जिसे आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने लागू नहीं किया। हालांकि अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में रेखा सरकार ने आयुष्मान योजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही बीमा कवर पांच लाख से बढ़ाकर दस लाख कर दिया है। लेकिन आयुष्मान योजना के तहत जो 1,139 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 11 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य लैब व नौ क्रिटिकल केयर सेंटर बनाए जाने हैं, उन पर तेजी से काम करना होगा। दिल्ली की बीजेपी राजनीति में तमाम दिग्गज शामिल हैं। रेखा उनकी तुलना में जूनियर हैं। फिर वे पहली बार विधायक चुनी गई हैं। चूंकि उन्हें आलाकमान ने नियुक्त किया है, लिहाजा उनके खिलाफ खुलकर कोई शायद ही सामने आए, लेकिन दिग्गजों का अघोषित सहयोग और उनकी बेरूखी का सामना रेखा गुप्ता को करना पड़ सकता है। इसलिए उनके सामने अपने वरिष्ठ नेताओं से बेहतर समन्वय स्थापित करने की चुनौती भी होगी और सरकार के साथ ही संगठन के कामकाज में उन्हें अपना सहयोगी बनाना होगा। रेखा गुप्ता के पहले आतिशी भले ही मुख्यमंत्री रही हों, लेकिन उन्हें खड़ाऊं मुख्यमंत्री ही माना गया।

अरविंद केजरीवाल को ही असली मुख्यमंत्री माना जाता रहा। केजरीवाल चूंकि देशव्यापी भ्रष्टाचार विरोधी राजनीति से उभरे हैं। लिहाजा उनकी छवि और कद बड़ा हो गया।

# अस्तित्व पर संकट, वन्यजीवों के संरक्षण की जरूरत

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'वन्यजीव संरक्षण वित्त- लोगों और ग्रह में निवेश' थीम के साथ मनाया जा रहा है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंतुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरूद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पाठक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक फ्लिपकार्ट से खरीद सकते हैं। पर्यावरण के असंतुलन का ही परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में अब देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है



कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2024' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि 1970 से 2020 के बीच वन्यजीव आबादी में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट दर्ज की गई, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। ताजे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में यह गिरावट 85 प्रतिशत रही है। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया और 1972 में देश में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने तथा अवैध शिकार, तस्करी और अवैध व्यापार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 'वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972' लागू किया गया। वर्ष 1983 में वन्य जीव संरक्षण के लिए 'राष्ट्रीय वन्य जीव योजना' शुरू की गई, जिसके तहत वन्य जीवों को इंसानी अतिक्रमण से दूर रखने और उनकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पार्क और वन्य प्राणी अभयारण्य बनाए गए। जनवरी 2003 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया और अधिनियम के तहत अपराधों के लिए जुर्माना तथा सजा को अधिक कठोर बना दिया गया। बहरहाल, प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह समझना बेहद जरूरी है कि वन्य जीवों का संरक्षण हम सभी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वन्य प्राणियों की विविधता से ही धरती का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

# पत्थर-सब्बल-लाठी से पीट-पीटकर किसान को मार डाला

## पड़ोसी ने बेटों संग मिलकर की हत्या, बिलासपुर में रास्ता बनाने को लेकर हुआ विवाद





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक किसान की हत्या का लाइव वीडियो सामने आया है, जिसमें पड़ोस के एक ही परिवार के चार लोगों ने मिलकर पत्थर, लाठी और सब्बल से किसान युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कब्जे की जमीन पर रास्ता बनाने को लेकर दो पक्ष में विवाद हुआ था। पुलिस ने मामले में श्याम अंचल उसकी पत्नी और दो बेटों को गिरफ्तार किया है। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र की है।

ग्राम उड़गन निवासी मृतक खेमराज बंजारे (27) खेती किसानी करता था। वहीं श्याम अंचल उसका पड़ोसी है। श्याम कब्जे की जमीन पर रास्ता बना रहा है। रास्ते को ऊंचा करने के लिए उसने मिट्टी और पत्थर डाला है। किसी ने उसके बिछाए पत्थर को हटा दिया था। रविवार की सुबह इसे लेकर श्याम गाली-गलौज कर रहा था।

**गाली देने से मना किया, तब किया ताबड़तोड़ हमला:** इस दौरान पड़ोसी युवक खेमराज आवाज सुनकर बाहर निकला। उसने बोला किसे गाली दे रहे हो, इतना सुनते ही श्याम लाठी और सब्बल लेकर आ गया। उसके दोनों बेटे लक्ष्मण और मुकेश अंचल भी वहां आ गए। उन्होंने अपने पिता के हाथ से लाठी लेकर खेमराज पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

वहीं, श्याम ने हाथ में रखे सब्बल से खेमराज के सिर पर वार किया। इससे वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद लक्ष्मण उसे लाठी से मारने लगा। फिर मुकेश ने बड़े पत्थर से खेमराज पर हमला कर दिया।


**बीच-बचाव करने के बजाए पत्नी बोली अच्छा हुआ:** इस हमले के बीच श्याम अंचल की पत्नी सीता अंचल भी पहुंच गई। पति और बेटों को हमला करते देख वह बीच-बचाव करने के बजाए कहने लगी जो हुआ अच्छा हुआ। फिर वो खेमराज को खून से लथपथ पड़े देख कर अपने पति और बेटों को घर के अंदर ले गई।

**डर और दहशत में भाभी ने बनाया वीडियो:** गाली-गलौज और विवाद होने की आवाज सुनकर खेमराज की भाभी मेनका बंजारे दहशत में चिल्ला रही थी। उसने घटना की जानकारी अपने पति और रिश्तेदारों को दी। इस दौरान उसने ही हमले का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**पुलिस पहुंची तब मृत पड़ा था युवक:** परिजनों ने हत्या की खबर पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही बिल्हा थाना प्रभारी डीआर टंडन अपनी की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। लेकिन, तब तक खेमराज की मौत हो चुकी थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने श्याम अंचल, उसका बेटा लक्ष्मण, मुकेश और पत्नी सीताबाई को हिरासत में ले लिया, जिसके बाद शव को पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने अपराध स्वीकार करने पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### परीक्षा के समय नाली साफ करते दिखे स्टूडेंट्स

## बिलासपुर के स्कूल में फावड़ा चला रहे छात्र, पैरेंट्स नाराज, सुप्रीम कोर्ट ने भी लगाई है पाबंदी



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर के सरकारी मिडिल स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों से मजदूरों की तरह काम लिया जा रहा है। यहां बच्चे पढ़ने-लिखने के बजाय फावड़ा लेकर साफ-सफाई करते नजर आए। वो भी उस समय जब परीक्षा का समय नजदीक हो।

इतना ही नहीं, टीचर खड़े होकर बच्चों से नाली की सफाई कराते भी नजर आ रहे हैं। इसका वीडियो भी सामने आया है। मामला सिरगिट्‌टी स्थित सरकारी स्कूल का है। शहर से लगे बिल्हा ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल में हेडमास्टर और टीचर बच्चों को पढ़ाना छोड़कर उनसे नाली साफ करा रहे हैं।

**स्वच्छता के नाम पर कराया गया काम:** मामला बीते शनिवार का बताया जा रहा है। टीचर यहां छठवीं से लेकर आठवीं कक्षा के बच्चों के हाथ में फावड़ा देकर मजदूरों की तरह काम करा रहे थे। बचाव में यह कहा जा रहा है कि स्कूल में बच्चों से स्वच्छता के नाम पर काम कराया जा रहा है।

ऐसा भी नहीं है कि बच्चों से केवल एक ही दिन काम कराया गया है, बल्कि इससे पहले भी यहां स्टूडेंट्स से काम कराया जा रहा था। जिससे बच्चों की पढ़ाई पर असर होना स्वाभाविक है। इस मामले में स्कूल के हेडमास्टर और टीचर से भी पक्ष जानने का प्रयास किया गया। लेकिन, उनसे संपर्क नहीं हो सका है।

**चुनाव के चलते पढ़ाई प्रभावित, अब एग्जाम के समय मजदूरी:** स्थानीय लोगों का कहना है कि, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के चलते शिक्षक और स्कूल स्टाफ चुनाव कार्य में व्यस्त थे। इसके चलते स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था ठप थी। ऐसे में अब एग्जाम नजदीक है, तो स्कूली बच्चों के कोर्स कम्प्लीट कराने के साथ ही परीक्षा की तैयारी पर हेडमास्टर और टीचर का ध्यान फोकस होना चाहिए।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो:** स्कूल में बच्चों के हाथ में फावड़ा देकर मजदूरी कराने का वीडियों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि टीचर खड़े होकर बच्चों से काम करा रहे थे, जिसे देखकर स्थानीय युवक ने वीडियो बना लिया।वीडियो देखने के बाद अब परिजनों में भी काफी नाराजगी है। हालांकि, अभी तक उन्होंने मामले की शिकायत नहीं की है।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को किया नजरअंदाज:** हाईकोर्ट के एडवोकेट समीर सिंह का कहना है, कि सरकारी स्कूलों में बच्चों से काम कराने पर सुप्रीम कोर्ट ने पाबंदी लगाई है। राज्य सरकारों को बच्चों से काम नहीं कराने का आदेश दिया गया है। वहीं, बालकों से श्रम कराना भी अपराध है। इसके बावजूद अगर स्कूल के टीचर इस तरह से आदेश को ताक पर रखकर स्टूडेंट्स से काम करा रहे हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## दंपत्ती ने मिलकर प्रेमी की हत्या की

### पत्नी के अवैध संबंध से नाराज था पति, दोनों ने मिलकर मारा, उम्रकैद की सजा



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेंद्रगढ़ के झगराखांड में अवैध संबंध में हत्या के मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों ने मिलकर प्रेमी को मौत के घाट उतारा था। मामला 26 अक्टूबर 2023 का है। नार्थ झगराखांड निवासी अच्युत पाल उर्फ चंदन पाल रात को घर से बिना बताए निकला था। परिजनों ने काफी खोजबीन की। पता न चलने पर अगले दिन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोहाड़ा दफाई में युवक का स्कूटर मिला है। जांच में वहीं पास चंदन का शव भी बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि चंदन का एक विवाहित महिला से अवैध संबंध था।

**पति-पत्नी ने मिलकर बनाई योजना:** जब महिला के पति को इस बारे में पता चला तो उसने पत्नी को घर से निकाल दिया था। बाद में दोनों में समझौता हो गया। लेकिन महिला का चंदन से प्रेम संबंध जारी रहा। इससे नाराज होकर पति ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर चंदन की हत्या की योजना बनाई।

**टंगिया से मारकर हत्या:** 26 अक्टूबर 2023 को महिला की मदद से चंदन को जंगल में बुलाया गया। वहां दोनों ने मिलकर टंगिया से उसकी हत्या कर दी। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार तुवारी की अदालत ने 3 मार्च 2025 को दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## दुष्कर्म की दो घटनाएं- सौतेले पिता ने बेटी को बनाया निशाना, नाबालिग ने 19 साल की प्रेमिका से की दरिंदगी





**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। एक मामले में सौतेले पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। दूसरे मामले में शादी का झांसा देकर नाबालिग प्रेमी ने 19 साल की प्रेमिका के साथ रेप किया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं, नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

पहली घटना खरसिया चौकी क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक 15 वर्षीय नाबालिग के साथ सौतेले पिता ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

बताया जा रहा है कि पीड़िता की मां अपने मायके गांव गई थी, घर में सौतेला पिता के साथ बेटी अकेली थी। तभी मौका पाकर जबरन सौतेला पिता ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया।

जिसके बाद नाबालिग ने मामले की जानकारी अपनी मां को देते हुए खरसिया चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में खरसिया चौकी प्रभारी संजय नाग ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है और उसकी पतासाजी शुरू कर दी है।

**दुष्कर्म करने के बाद किया शादी से इनकार:** दूसरी घटना जूटमिल थाना क्षेत्र की हैं। जिसमें 19 साल की युवती की मुलाकात 11 जनवरी 2024 को ढिमरापुर जगतपुर में रहने वाले नाबालिग युवक से हुई थी।

कुछ दिनों बाद नाबालिग ने युवती से अपने प्यार का इजहार किया। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने के बाद नाबालिग ने युवती से शादी की बात कही। इससे दोनों के बीच मोबाइल में बात होने लगी और 27 मई को नाबालिग प्रेमिका को घुमाने ले गया।

इस दौरान नाबालिग को पता चला कि युवती के घर में उसके परिजन नहीं है, तो जिद कर रात के समय उसके घर में रूक गया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

**पुलिस गिरफ्त में आरोपी:** फरवरी तक लगातार उसने शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी करने से इनकार करते हुए उसे छोड़ दिया। जिसके बाद पीड़िता ने मामले की सूचना जूटमिल थाना में दी। जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

### बेटी की शादी के लिए रखे जेवर की चोरी

## नगद और अनाज भी चुरा लिए, सभी फैमिली फंक्शन में गए थे



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** कोरबा शहर के प्रशासनिक कॉलोनी में रविवार रात चोरी हुई है। जहां तहसील कार्यालय में कार्यरत ओडी लदेर के घर से चोर जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला है।

घटना के समय घर में कोई नहीं था। पूरा परिवार बिलासपुर में एक पारिवारिक कार्यक्रम में गया हुआ था। चोरों ने इस मौके का फायदा उठाया। घर में रखा राशन सामान तक चोर अपने साथ ले गए।

परिवार की स्थिति यह है कि पति की मृत्यु के बाद पत्नी को तहसील कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। चोरी किए गए जेवर उनकी बेटी की आने वाली शादी के लिए रखे गए थे।

**घर का राशन सामान भी ले गए चोर:** पीड़ित परिवार ओडी लदेर ने बताया कि चोर घर का राशन सामान भी ले गए। गुल्लक में रखे लगभग 20 हजार रुपए भी चोरों ने उड़ा लिए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी और पेटी खुली हुई थी। पलंग के अंदर से सामान निकाला गया है।

**जांच में जुटी पुलिस:** जानकारी के मुताबिक, जिस मकान में चोरी हुई, वह एसपी कार्यालय और सिविल लाइन थाने के नजदीक है। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। इस घटना से शहर में आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि की आशंका बढ़ गई है, जिससे आम जनता में डर का माहौल है।

## खेत में पैरावट से छिपाकर रखा था गांजा

### पुलिस ने तस्कर को पकड़ा, ओडिशा से गांजा लाकर करता था तस्करी



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला में गांजा तस्करी का मामला सामने आया है। जिसमें एक युवक अपने खेत में पैरावट से गांजा को छिपाकर रखा था। जिसे बेचने की फिराक में था। तभी पुलिस ने गांजा तस्कर को पकड़ लिया है। मौके से 90 हजार रुपए का गांजा भी जब्त किया है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम जामबहार चिटकानारा का रहने वाला गोजाराम यादव (50 साल) ओडिशा से गांजा लाकर उसकी बिक्री करता था।

ऐसे में उसने 90 हजार का गांजा को बेचने की फिराक में अपने पास के खेत में पैरावट से छिपा रखा था। इसी दौरान पुलिस को मामले की जानकारी मुखबिर से मिली। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर दबिश दी और जांच पड़ताल में यहां से 1-1 किलो के गांजा के 9 पैकेट बरामद किए। जिसे पुलिस ने जब्त करते हुए गोजाराम से पूछताछ की, तो उसने गांजा की बिक्री करना कबूल किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**ओडिशा से लाता था गांजा:** इस संबंध में लैलूंगा थाना प्रभारी राजेश जांगड़े ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दबिश दी और 90 हजार रुपए का गांजा जब्त किया है। तस्कर ओडिशा से गांजा लाकर उसकी बिक्री करता था। फिलहाल मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 9 साल में रेलवे ने 9 बार पत्र लिखा

### जर्जर भवन में चल रहा सिटी रिजर्वेशन काउंटर, 1 से बंद



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में तहसील कार्यालय स्थित रेलवे रिजर्वेशन काउंटर 1 मार्च से बंद कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने पिछले 9 सालों में कलेक्टर को 9 बार पत्र लिखकर काउंटर के जर्जर भवन की मरम्मत या नया भवन देने का आग्रह किया था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि भवन की स्थिति बेहद खराब है। बारिश में छत से पानी टपकता है। कर्मचारियों की सुरक्षा को देखते हुए काउंटर को बंद करना पड़ा।

**2015 को लिखा था पहला पत्र:** रेलवे ने पहला पत्र 1 जनवरी 2015 को लिखा था। इसके बाद 11 दिसंबर 2024 तक कुल 9 पत्र भेजे गए। प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**काउंटर बंद होने से बढ़ी परेशानी:** 137 वर्ग किलोमीटर में फैले बिलासपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में यह एकमात्र सिटी रिजर्वेशन काउंटर था। इसके बंद होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रशासन से बेहतर स्थान की उम्मीद:** सीनियर डीसीएम ने कहा कि अगर प्रशासन बेहतर स्थान उपलब्ध कराता है तो काउंटर को दोबारा खोला जा सकता है। फिलहाल शहर में बिलासपुर रेलवे जंक्शन, उस्लापुर और हाईकोर्ट में रिजर्वेशन काउंटर चालू हैं।

### मनेन्द्रगढ़-जनकपुर मार्ग के सेतुओं की मरम्मत कार्य प्रगति पर, जल्द होगा पूर्ण

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़ से जनकपुर मार्ग पर पूर्व निर्मित सेतुओं की जर्जर स्थिति को लेकर प्रकाशित समाचार के बाद कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग (सेतु निर्माण) द्वारा इन पुलों के विशेष मरम्मत कार्य के लिए पूर्व में ही आदेश जारी किया गया था, और वर्तमान में यह कार्य प्रगति पर है। नवभारत समाचार पत्र में 1 मार्च 2025 को " मनेन्द्रगढ़ से जनकपुर मार्ग पर पूर्व निर्मित सेतुओं में गड्ढ़ों से दुर्घटना बनी रहती हैं आशंका" शीर्षक से प्रकाशित खबर के बाद विभागीय अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट की है। अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (सेतु निर्माण उपसंभाग, मनेन्द्रगढ़) ने जानकारी दी कि सेतुओं की मरम्मत हेतु कार्यपालन अभियंता, सेतु निर्माण संभाग, अंबिकापुर द्वारा 27 दिसंबर 2024 को आदेश जारी किया गया था और वर्तमान में कार्य प्रगति पर है।

# 7 मार्च को चुना जाएगा रायपुर नगर निगम का सभापति

## कलेक्टर ने बुलाई पहली सामान्य सभा, सूर्यकांत और मनोज में से कोई एक होगा सभापति




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर नगर निगम मेयर और पार्षदों के शपथ ग्रहण के बाद 7 मार्च निगम के सभापति को चुनाव होगा। रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने नगर निगम सभापति और अपील समिति के सदस्यों का चुनाव के की तारीख घोषित कर दी है।

वही नगर निगम रायपुर की पहली सभा बुलाई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन में निगम सभापति के चुनाव की प्रकिया की जाएगी। इस बार निगम में भाजपा के 60 पार्षद जीत कर आए है। और कांग्रेस के 7 पार्षद और 3 निर्दलीय पार्षद जीत कर आए है। चुनाव की प्रकिया नहीं होगी। भाजपा की ओर से सिर्फ एक नामांकन भरा जाएगा।

**सभापति बनने की रेस में ये आगे:** सभापति के लिए पहला नाम सूर्यकांत राठौर का है। वो 5वीं बार पार्षद चुनकर आए हैं। एक बार वे नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। निगम में सीनियर पार्षद होने के साथ ही वे तेज तर्रार नेता हैं। निगम के प्रावधानों की भी अच्छी जानकारी रखते हैं। वहीं दूसरा नाम मनोज वर्मा का है। वो पिछले कार्यकाल में उपनेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इस बार सभापति की रेस में हैं।

**जल्द होगी एमआईसी की नियुक्ति:** महापौर मीनल चौबे शपथ ग्रहण के बाद अब मेयर इन काउंसिल के सदस्यों की जल्द नियुक्ति की जाएगी। निगम में 14 एमआईसी सदस्य चुने जाएंगे, जो अलग-अलग विभागों के अध्यक्ष होंगे। मेयर इन काउंसिल की रेस में दीपक जायसवाल, सरिता आकाश दुबे, का नाम पहले नंबर है। पिछली परिषद के दौरान दोनों सत्ता पक्ष पर जमकर सवाल किए और उनका परफार्मेंस भी अच्छा रहा है। महापौर परिसर में इस बार नए और पुराने पार्षदों का संतुलन दिखाई देगा। जीत का आए पार्षद साधना प्रमोद साहू, गज्जू साहू, गोपेश साहू, अमर गिदवानी, गायत्री सुनील चंद्राकर, रामहिन कुर्रे, अवतार बागल, आशु चंद्रवंशी, संतोष साहू का नाम एमआईसी की रेस में चल रहा है।

**सभापति के चुनाव की प्रकिया:** 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से 12:45 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। दोपहर 12:45 बजे से 1 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा एवं सही पाये गये नाम निर्देशित अभ्यर्थियों के नाम का प्रकाशन सूचना पटल में किया जाएगा।

**दोपहर 1 से 1:30 बजे तक अभ्यर्थी अपना नाम ले सकेंगे:** दोपहर 1:30 बजे से 3 बजे तक मतदान (यदि आवश्यक हो तो), मतदान के बाद मतगणना और मतगणना का परिणाम घोषित किया जाएगा।

## शराब के शौकीनों को मिलेगा मनचाहा ब्रांड

### लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना आबकारी विभाग की दुकान, शो रूम की तरह सजाए गए महंगी शराब

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में शो रूम की तरह दिखने वाला यह दुकान शराब के शौकीनों के लिए हैं, जहां उन्हें मनचाहे ब्रांड की शराब उपलब्ध कराई जाएगी। आबकारी विभाग ने ग्राहकों की सुविधा और राजस्व बढ़ाने के लिए नई प्रीमियम शॉप शुरू की है, जो शराब प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

दरअसल, आबकारी विभाग ने शहर के शिव टॉकीज चौक के पास एक नई प्रीमियम शराब शॉप दुकान शुरू किया है, जो अब किसी कार्पोरेट शो रूम की तरह नजर आ रहा है। दावा किया जा रहा है कि एक मार्च से शुरू हुई इस दुकान में प्रीमियम ब्रांड की शराब उपलब्ध रहेगी।

**शो रूम की तरह सजी शराब की बोतलें:** आबकारी विभाग ने इसे शो रूम का लुक दिया है, जहां प्रीमियम बांड ग्राहकों की सुविधा के लिए अलग-अलग कीमतों की व्हिस्की, वाइन सिंगल माल्ट व्हिस्की, ब्रांडी रम जिन वोदका एवं बीयर की सभी ब्रांड बोतलें काउंटर में सजाई गई है।

**शराब की सभी ब्रांड उपलब्ध:** आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त नवनीत तिवारी का दावा है कि प्रीमियम शॉप को आकर्षक लुक ग्राहकों की सुविधा के लिए दिया गया है। आमतौर पर सामान्य शराब दुकानों में सभी ब्रांड उपलब्ध नहीं होता। लेकिन, इस प्रीमियम शॉम में शराब की सभी तरह की ब्रांड उपलब्ध रहेगी।

**पहले तारबाहर चौक पर थी दुकान:** दरअसल, आबकारी विभाग की प्रीमियम शॉप पहले तारबाहर चौक के पास संचालित थी, जिसे अब स्थानांतरित किया गया है।

यह प्रीमियम शॉप शहर के मुख्य लोकेशन में मारूति शोरूम के सामने ग्राहकों की सुविधा के लिए तैयार कर संचालित की गई है। उम्मीद है कि इससे आबकारी विभाग को ज्यादा राजस्व भी मिलेगा।

## उमर अब्दुल्ला बोले- भाजपा से गठबंधन का सवाल ही नहीं

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन की संभावनाओं से इनकार किया। उन्होंने कहा- भाजपा के साथ गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता। मारी राजनीतिक विचारधारा और प्राथमिकताएं बिल्कुल अलग हैं, विशेषकर जम्मू-कश्मीर को लेकर। साझेदारी की न कोई संभावना है और न ही जरूरत। विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए पहुंचे अब्दुल्ला ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही। दरअसल भाजपा विधायक आरएस पठानिया ने जम्मू-कश्मीर गठबंधन के संकेत दिए थे उन्होंने कहा था कि हम जम्मू-कश्मीर के हितों और विकास के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ हाथ मिलाने को तैयार हैं। भविष्य में समय सब बताएगा। गठबंधन के बावजूद कांग्रेस सरकार में नहीं 90 सीटों की विधानसभा में एनसी के 42 और कांग्रेस के 6 विधायक हैं। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हैं। चुनाव के नतीजे आने के बाद चार निर्दलीय विधायकों ने एनसी को समर्थन का ऐलान किया था। इसके बाद उमर ने कहा था कि अब हमारी संख्या 46 हो गई है। इसके बाद कांग्रेस ने सरकार में शामिल न होकर बाहर से समर्थन देने का फैसला किया था।

## कोलकाता के जादवपुर यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच मारपीट

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के जादवपुर यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर तृणमूल कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी की स्टूडेंट विंग स्न्रद्ध समर्थक छात्रों के बीच सोमवार को मारपीट हो गई। कुछ वीडियो सामने आए हैं जिसमें लड़के-लड़कियां एक-दूसरे के साथ हाथापाई करते हुए नजर आ रहे हैं। जादवपुर यूनिवर्सिटी में पिछले 5 साल से छात्र संघ के चुनाव नहीं हुए हैं। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (स्न्रद्ध) सहित दूसरे स्टूडेंट फ्रंट राज्य की ममता बनर्जी सरकार से चुनाव की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं। इससे पहले 1 मार्च को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु यूनिवर्सिटी में ही एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। छात्रों को जब इसकी जानकारी मिली तो वे उनसे मिलने पहुंचे और मांगपत्र सौंपा। छात्र कुछ बात करना चाहते थे इसके लिए उन्होंने मंत्री का काफिला रोक दिया। कुछ छात्र उनकी गाड़ी पर चढ़ गए।

## तेलंगाना टनल हादसा, 8 मजदूरों के रेस्क्यू का 10वां दिन

**तेलंगाना ( एजेंसी )।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल में सुरंग ढहने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन का आज (3 मार्च) 10वां दिन है। वैज्ञानिकों का सुझाव था कि अंदर फंसे हुए 8 लोगों को निकालने के लिए नई जगह तलाशनी चाहिए। लिहाजा रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए खुदाई के लिए नई जगह ढूंढी जा रही है। हैदराबाद स्थित नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने सुरंग के अंदर लोगों का पता लगाने के लिए ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार सर्वे किया था। इसमें सिर्फ मेटल का पता चला। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रविवार को सुरंग स्थल का दौरा किया और बचाव अधिकारियों से बातचीत की।

# दक्षिण कोरिया का ईसीडीएस ग्रुप प्रदेश में मेडिकल डिवाइस सहित एविएशन और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में करेगा निवेश-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि साउथ कोरियन ज्वाइंट वेंचर ग्रुप प्रदेश में बने बेहतर औद्योगिक वातावरण को देखते हुए से मेडिकल उपकरणों, मेडिकल एआई, नैनो टेक्नोलॉजी, बायो पॉलीमर और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश का इच्छुक है। आज मंत्रालय में साउथ कोरिया के ईसीडीएस ग्रुप के निवेशकों और शोधार्थियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि उनका समूह उज्जैन के मेडिकल डिवाइस पार्क में शोध और निर्माण पर केंद्रित इकाई स्थापना की दिशा में पहल कर रहा है। इस इकाई में यूरिन परीक्षण से कैंसर के लक्षणों की पहचान करने के लिए किट निर्मित करने की योजना है। इससे प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान कर तत्काल इलाज आरंभ करने में मदद मिलेगी। समूह प्रदेश में एविएशन सेमीकंडक्टर आदि क्षेत्र में भी निवेश का इच्छुक है। इसके साथ ही समूह ने कौशल उन्नयन के लिए तकनीक और विशेषज्ञता साझा करने में भी रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से डॉ. वुंग कवांग यांग, डॉ. युंगहून लिम, डॉ. सिओक किम, श्री जोंग शिओल जंग, श्री जेली शिओन, श्री वू सिओक शुंग तथा श्री राजेश भारद्वाज ने भेंट की। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे।



## फडणवीस बोले- अमित शाह से मेरी कोई शिकायत नहीं हुई

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से विवाद की खबरों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने अमित शाह से मेरी कोई शिकायत नहीं की है। शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत कहानी लिखने में बॉलीवुड के मशहूर लेखक सलीम-जावेद से कंपटीशन कर रहे हैं।फडणवीस सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र से पहले डिप्टी सीएम शिंदे और अजित पवार के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा-



कोई युद्ध नहीं है। जो लोग हम दोनों को जानते हैं, वे जानते होंगे कि जब हम साथ होते हैं तो क्या करते हैं। हमलोग एकजुट होकर काम कर रहे हैं।

शिवसेना प्रमुख शिंदे ने कहा कि बस इतना हुआ है कि फडणवीस और मैंने अपनी कुर्सियां बदली हैं। केवल अजित पवार की कुर्सी वही है। इस पर अजित पवार ने शिंदे से मजाकिया लहजे में कहा- अगर आप अपनी कुर्सी नहीं बचा पाए तो मैं क्या कर सकता हूं। इस पर तीनों जोर से हंसने लगे।

शिंदे ने मीडिया से कहा- आप जितनी भी मेहनत से संघर्ष का हवाला देकर ब्रेकिंग न्यूज बनाने की कोशिश करें, हमारा गठबंधन टूटने वाला नहीं है। इतनी तेज गर्मी में कोल्ड वार कैसे हो सकता है? सब कुछ ठंडा-ठंडा, कूल-कूल है। इस पर शिंदे के बगल में बैठे फडणवीस मुस्कुराने लगे।

## स्टूडेंट्स को स्कूल में स्मार्टफोन लाने से नहीं रोक सकते-दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुनवाई के दौरान जज अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि टेक्नोलॉजी आज एजुकेशन के लिए जरूरी हिस्सा बन गई है। (फाइल) दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूलों में स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने बैन नहीं लगा सकते हैं। लेकिन स्कूल स्मार्टफोन को लेकर पॉलिसी बनाए और उसकी निगरानी करे। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने पर नियम तय किए। जज अनूप जयराम भंभानी ने कहा- वर्तमान में एजुकेशन के लिए टेक्नोलॉजी जरूरी हिस्सा बन गई है। स्मार्टफोन पर पूरी तरह से पाबंदी लगाना सही नहीं है। स्मार्टफोन से बच्चे अपने माता-पिता से जुड़े रहते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा भी बनी रहती है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि स्कूलों में स्मार्टफोन यूज के नियमों को तोड़ने पर सजा तय हो, लेकिन यह बहुत सख्त भी नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने सुझाव दिया कि स्कूल जरूरत पड़ने पर सजा के तौर पर स्मार्टफोन जब्त कर सकते हैं। दरअसल, केंद्रीय विद्यालय के एक स्टूडेंट की ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें स्कूल में स्मार्टफोन बैन लगाने की मांग की गई है। कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट की ऑर्डर कॉपी देश के शिक्षा निदेशालय को भेजी गई है। इसके अलावा सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन और केंद्रीय विद्यालय संगठन को भी ऑर्डर कॉपी भेजी गई है।

## माधबी बुच पर एफआईआर से जुड़े मामले की सुनवाई आज


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के खिलाफ स्न्रद्धक्र दर्ज करने के आदेश से जुड़े मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट में 4 मार्च 2025 को सुनवाई होगी। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) तब तक विशेष अदालत के आदेश पर कार्रवाई नहीं करेगा। मुंबई की एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने शनिवार (1 मार्च 2025) को शेयर फ्रॉड से जुड़े मामले में माधबी बुच समेत 6 लोगों पर एफआईआर का आदेश दिया था। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया



था। सपन ने स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी की लिस्टिंग में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। हालांकि, सेबी ने कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है, जिसपर 4 मार्च को जस्टिस एसजी डिगे के समक्ष सुनवाई होगी। याचिका में मुंबई की अदालत के पारित एफआईआर दर्ज करने आदेश को रद्द करने की मांग की गई है। श्रीवास्तव ने दावा किया कि उन्होंने और उनके परिवार ने 13 दिसंबर 1994 को कैल्स रिफाइनरीज लिमिटेड के शेयरों में निवेश किया था, जिसमें उन्हें भारी नुकसान हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सेबी और बीएसई ने कंपनी के अपराधों की अनदेखी की। इसे कानून के खिलाफ लिस्ट किया और निवेशकों के हितों की रक्षा करने में विफल रहे। कैल्स रिफाइनरीज़ को 1994 में लिस्टिंग की अनुमति दी गई थी।

## पीएम मोदी का गुजरात दौरा, गिर में शेर देखने पहुंचे

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर हैं। वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे के मौके पर सोमवार सुबह वे गिर नेशनल पार्क में एशियाटिक शेरों को देखने पहुंचे। उन्होंने फोटोग्राफी भी की। पीएम के गिर पहुंचते ही वहां मोदी-मोदी के नारे लगे। मोदी रात में सासण में रुके थे। गिर के सिंह सदन से लौटने के बाद मोदी नेशनल बोर्ड ऑफ वाइल्ड लाइफ बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके बाद



राजकोट में कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने के बाद दिल्ली रवाना हो गए। मोदी ने रविवार को सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इससे पहले वे वनतारा गए थे। जामनगर स्थित वनतारा पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र है। इसकी देखरेख मुकेश अंबानी के बेटे अनंत करते हैं।

## दिल्ली सीएम बोलीं- बजट सत्र 24-26 मार्च के बीच होगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 से 26 मार्च के बीच होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उनके साथ कैबिनेट के 6 मंत्री भी मौजूद थे। रेखा गुप्ता ने बजट के लिए दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। रेखा गुप्ता ने बताया कि हम दिल्ली की जनता का बजट लाना चाहते हैं। इसके लिए हमनें दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। हमारे सभी मंत्री और विधायक भी लोगों से मिलेंगे और दिल्ली की बेहतरी के लिए लोगों से जरूरी सुझाव लेंगे। सीएम ने कहा कि सरकार छुट्टियों में भी काम कर रही है। सचिवालय में शनिवार और रविवार को भी अफसर काम कर रहे हैं। मैं दिल्ली की जनता से कहना चाहती हूं कि हमनें जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे। बजट के सुझाव के लिए उन्होंने ईमेल आईडी-सत्र के आखिरी दिन सीएजी रिपोर्ट पर हंगामा दिल्ली विधानसभा सत्र के आखिरी दिन सोमवार को




सीएजी की पेश दो रिपोर्ट- शराब नीति और हेल्थ पर चर्चा हो रही है। सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। 25 और 28 फरवरी को दिल्ली ष्टरूरेखा गुप्ता ने विधानसभा में दोनों की रिपोर्ट रखी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2002 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। लाइसेंस प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई। एक्सपर्ट पैनल ने पॉलिसी में कुछ बदलाव के सुझाव दिए थे।

## हरियाणा की कांग्रेस नेता को फेसबुक फ्रेंड ने मारा था

**रोहतक ( एजेंसी )।** हरियाणा के रोहतक के कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या की गुत्थी सुलझ गई है। हिमानी की हत्या उसके दोस्त ने मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटकर की थी। झज्जर के खेरपुर गांव में रहने वाले 30 साल के सचिन उर्फ ढिल्लू की मोबाइल शॉप है। एक साल पहले उसकी फेसबुक पर कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल से दोस्ती हुई थी। सचिन 27 फरवरी की रात हिमानी के रोहतक के विजयनगर स्थित घर में ही रुका था। रात में दोनों में किसी बात पर झगड़ा हुआ। इसके बाद उसने हिमानी को मार डाला। सचिन ने पहले हिमानी के हाथ चुन्नी से बांधे, फिर मोबाइल चार्जर की केबल से उसका गला घोंट दिया।

## गारंटीड इनकम वाला प्रोडक्ट है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट' पेश किया है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को लंबी अवधि की बचत प्रदान करने के साथ ही तुरंत आय की गारंटी भी देता है, जिससे उन्हें आर्थिक लिक्विडिटी मिलती है। इस प्रोडक्ट में कई विकल्प हैं, जैसे ग्राहक तय कर सकते हैं कि गारंटीड इनकम कब शुरू होगी, कितने समय तक मिलेगी और मैच्योरिटी पर कितना पैसा मिलेगा। इसके साथ ही, इसमें लाइफ कवर भी शामिल है, जो परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। बढ़ती हुई आय का विकल्प इस प्रोडक्ट की खासियत है। इसमें हर साल 5 प्रतिशत की कंपाउंडिंग दर से इनकम बढ़ती है, जिससे महँगाई से

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

निपटने में मदद मिलती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अमित पालटा ने कहा, "हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवाचार की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एक नया और महत्वपूर्ण जोड़ है। यह अनोखा प्रोडक्ट ग्राहकों को गारंटीड इनकम का लाभ देता है, जिसे वे अपनी जीवन योजनाओं और नकदी जरूरतों के अनुसार कस्टमाइज़ कर सकते हैं।"

# हरियाणा के पूर्व मंत्री सांगवान का निधन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री और 2 बार विधायक रहे सतपाल सांगवान का सोमवार (3 मार्च) को निधन हो गया। लिवर कैंसर की वजह से वह अस्वस्थ चल रहे थे। तड़के 2.45 बजे पर उन्होंने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। कल मुख्यमंत्री नायब सैनी उन्हें अस्पताल में मिलने पहुंचे थे।

आज सुबह साढ़े 8 बजे उनका पार्थिव शरीर चरखी दादरी के लोहारू रोड स्थित उनके निवास स्थान पर लाया गया। यहां लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। दोपहर 3 बजे दादरी से अंतिम यात्रा निकाली गई। शाम को चंदेनी गांव में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ। यहां विधायक बेटे सुनील सांगवान ने उन्हें मुखाग्नि दी।

अंतिम संस्कार में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, बाढड़ा से भाजपा विधायक उमेद पातुवास, उचाना से विधायक देवेंद्र अत्री और भिवानी महेंद्रगढ़ से भाजपा



सांसद धर्मबीर सिंह समेत अन्य नेता शामिल हुए। सतपाल सांगवान को पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल ने राजनीति में एंट्री दिलाई थी। वह बंसीलाल के करीबी थे और भारी शरीर के कारण बंसीलाल उन्हें बुलडोजर कहकर बुलाते थे। इससे पहले 28 जनवरी को सतपाल सांगवान की बेटी उषा सांगवान का निधन हो गया था। वह अपने पिता पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान का हालचाल जानने के लिए दादरी आई थीं। रात को खाना खाने के बाद वह सो गईं। जब सुबह देर तक नहीं उठीं तो तो परिवार के लोग उन्हें जगाने के लिए पहुंचे। इसके बाद डॉक्टरों को बुलाया गया। चेकअप के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टरों को शक है कि उनका हार्ट फेल हुआ है। उषा करनाल के सेक्टर-7 की रहने वाली थीं। वह सरकारी टीचर थीं, करीब डेढ़ साल पहले ही वो रिटायर हुईं थी। परिवार के मुताबिक बेटी के निधन के बाद पिता की तबीयत और खराब होती चली गई थी।

## हिमाचल-उराखंड में एवलांच की चेतावनी, राजस्थान में ओले गिरे



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तराखंड में सोमवार और मंगलवार को एवलांच (बर्फ का पहाड़ दरकना) की चेतावनी है। औली, हर्षिल, चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के 2 हजार मीटर या उससे ज्यादा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एवलांच के अलावा, बिजली गिरने की भी चेतावनी है। हिमाचल प्रदेश में 26 फरवरी से बर्फबारी हो रही है। लाहौल स्पीति के ग्यू में भी रविवार को एवलांच आया था। अब फिर से एवलांच का अलर्ट है। प्रदेश के 365 सड़कें और तीन नेशनल हाईवे बंद हैं। जम्मू-कश्मीर में भी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में दिन का पारा 37एष्ट के करीब पहुंचा। जगदलपुर में सबसे ज्यादा 36.6 रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 6 मार्च से दिन और रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट आने की संभावना है। मध्यप्रदेश में मार्च में पहली बार दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। यूपी में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव है। इससे बादल, बारिश और तेज हवाओं के कारण हल्की ठंड बढ़ी है। असर एक हफ्ते ठंड तक रह सकता है। राजस्थान में कुछ जगहों पर बारिश के साथ ओले गिरे। इससे ठंड बढ़ी है। आज भी कहीं-कहीं बारिश की संभावना है।

# मजबूत शुरुआत के बाद फिसला शेयर बाजार सेंसेक्स 73 हजार, निफ्टी 60 अंक टूटा




**मुंबई एजेंसी।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को मजबूत शुरुआत के बाद घरेलू शेयर बाजार लाल निशान में फिसल गए। वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प की टैरिफ घोषणाओं से बाजार में घबराहट बनी हुई है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक चढ़कर 73,427 अंक पर खुला। यह 73,649 अंक तक चढ़ गया था। हालांकि, कारोबार शुरू होने के आधे घंटे के बाद यह लाल निशान में फिसल गया। जिसके बाद सेंसेक्स 235.54 अंक गिरकर 72,962.56 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी मजबूती के साथ 22,194 अंक पर खुला। हालांकि, कुछ ही देर में यह भी लाल निशान में चला गया। इस समय निफ्टी 59.15 अंक की गिरावट लेकर 22,065.55 पर कारोबार कर रहा था। इस बीच फरवरी के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई डेटा, तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां बाजार की दिशा तय करेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा इस सप्ताह घोषित किए जाने वाले नए टैरिफ को लेकर भी निवेशकों की नजर बनी हुई है। इससे पहले शुक्रवार को सेंसेक्स 1,414 अंक गिरकर 73,198 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 420 अंक फिसलकर 22,125 पर बंद हुआ था। वहीं एशिया-प्रशांत के शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी देखी गई, क्योंकि निवेशक इस सप्ताह अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा घोषित किए जाने वाले टैरिफ योजनाओं को लेकर स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.67 प्रतिशत चढ़ा, जबकि व्यापक टॉपिक्स इंडेक्स में 0.75 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स भी 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार करता दिखा। हालांकि, दक्षिण कोरिया के बाजार सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद रहे। अमेरिकी बाजारों में भी मजबूती देखने को मिली, जहां एसएंडपी 500 में 1.59 प्रतिशत, डॉव जोन्स में 1.39 प्रतिशत और नैस्डैक में 1.63 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

## सोने-चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली एजेंसी।** इस सप्ताह के पहले दिन सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिल रही है। सोमवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 84,550 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 94,750 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 292 रुपये की तेजी के साथ 84,511 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 343 रुपये की तेजी के साथ 84,562 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 272 रुपये की तेजी के साथ 94,600 रुपये पर खुला। इस समय यह 434 रुपये की तेजी के साथ 94,762 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने-चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। कॉमेक्स पर सोना 2,872 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

## रुपया नौ पैसे बढ़कर 87.28 पर खुला

**मुंबई एजेंसी।** रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे बढ़कर 87.28 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में कुछ सुधार के संकेत के कारण रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शुक्रवार को जारी ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश की अर्थव्यवस्था अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 6.2 प्रतिशत बढ़ी है। ऐसे में विदेशी पूंजी की निकासी रुकने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हालांकि अमेरिकी शुल्क से पैदा हुई अस्थिरता जारी है, जिसके चलते कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.36 पर खुला और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले बढ़त के साथ 87.28 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की बढ़त दर्शाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विराट 300वें एकदिवसीय खेलने वाले सातवें भारतीय क्रिकेटर बने



**दुबई एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने चैम्पियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरते ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया। विराट 300 एकदिवसीय खेलने वाले सातने भारतीय क्रिकेटर बने हैं। विराट इस मैच में उतरते ही महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी, राहुल द्रविड़, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सौरव गांगुली और युवराज सिंह के 300 एकदिवसीय खेलने के क्लब में शामिल हो हो गये। विराट कोहली ने 300 एकदिवसीय की 288 पारियों में 14085 रन बनाये हैं। वह इस प्रारुप में सबसे ज्यादा 51 शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं उन्होंने 73 अर्धशतक भी लगाये हैं। उनका औसत 58.2 का का है। विराट हालांकि अपने 300 वें मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये और केवल 11 रन बनाकर आउट हो गये। एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन 18426 बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है। इसके बाद श्रीलंका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगाकारा ने 404 मैच खेलते हुए 25 शतक के जरिए 14234 रन बनाए थे। वहीं विराट कोहली 14085 रनों के साथ नंबर तीन पर हैं।

### 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' : सेबेस्टियन को


**नई दिल्ली एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के दावेदार सेबेस्टियन को का मानना है कि 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है लेकिन कई अन्य देशों के इस दौड़ में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा कठिन होगी। भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम है। को ने 'पीटीआई' से विशेष साक्षात्कार में कहा, ''मेरी पृष्ठभूमि को देखते हुए मेरे यह कहने से आपको हैरानी नहीं होगी कि मैं बहुत खुश हूं कि भारत वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई। '' उन्होंने कहा, ''पर यह बहुत प्रतिस्पर्धी होगा। क्योंकि इसमें सिर्फ एक ही बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है। '' पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र उन अन्य देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त की है। 2036 खेलों के मेजबान देश का 2026 से पहले पता नहीं चलेगा। लेकिन यह निश्चित है कि नए आईओसी प्रमुख के 20 मार्च के चुनाव के विजेता की अध्यक्षता के दौरान मेजबान का चयन किया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने वाले सात उम्मीदवारों में उन्हें सबसे आगे माना जा रहा है।

## ब्रैडमैन के ये रिकार्ड टूटना असंभव



**सिडनी (एजेंसी)।** विश्व क्रिकेट में नये-रिकार्ड बनते रहे हैं पर कुछ रिकार्ड ऐसे हैं जो शुरुआत से ही अभी तक कायम हैं और जिनके टूट टूटने की भी संभवना नहीं है। विश्व के महानतम बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने अपने दो दशक के करियर में छाये रहे। उनका 99 के औसत का रिकार्ड आज तक भी बरकरार है और इसके करीब कोई भी बल्लेबाज नहीं पहुंचा है। ब्रैडमैन ने 52 टेस्ट मैचों में 6 हजार से ज्यादा रन बनाये हैं। कोई भी बल्लेबाज आज तक इसके करीब नहीं पहुंचा है। ब्रैडमैन अपने करियर के अंतिम टेस्ट में शून्य पर ही आउ हो गये। इसी कारण वह 100 रनों का बल्लेबाजी औसत हासिल नहीं कर पाये। ब्रैडमैन के नाम टेस्ट क्रिकेट में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे अधिक शतक लगाने का रिकार्ड दर्ज है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाये हैं। ब्रैडमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ 37 टेस्ट में 19 शतक लगाये है। ये उपलब्धि किसी अन्य के नाम नहीं है। वहीं ब्रैडमैन ब्रैडमैन के बाद इस सूची में दूसरा नाम भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का है। गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 शतक लगाये थे। साल 1936-37 में सर डॉन ब्रैडमैन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में सबसे अधिक 810 रन बनाए थे। एक टेस्ट सीरीज में यह किसी कप्तान की ओर से बनाया गया सबसे अधिक रन है। आज तक ये रिकार्ड बरकरार है। इसके सबसे करीब इंग्लैंड के ग्राहम गूच 752 और सुनील गावस्कर 732 रन हैं।ब्रैडमैन के नाम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में तिहरा शतक लगाने का रिकार्ड भी है। ब्रैडमैन के बाद दुनिया का कोई भी बल्लेबाज एक दिन में तिहरा शतक नहीं लगा पाया है। ब्रैडमैन ने लगातार 6 टेस्ट में छह शतक लगाये हैं। इसमे दो दोहरे शतक शामिल हैं।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में हुई घटनओं से सभी को समझ आया भारतीय टीम पाक नहीं भेजने का कारण : गावस्कर



**मुम्बई एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि जिस प्रकार की घटनाएं चैम्पियंस ट्रॉफी में हुई हैं। उससे सभी को पता चल गया है कि भारतीय टीम को क्यों पाकिस्तान नहीं भेजा गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सुरक्षा कारणों से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था, जिसके कारण भारतीय टीम अपने मुकाबले दुबई में खेली रही है। वहीं अन्य टीमें अपने मुकाबले पाकिस्तान में खेल रही हैं। गावस्कर ने कहा, इस टूर्नामेंट में भी, हमने देखा कि किस प्रकार एक नहीं दो मैचों में लोग सुरक्षा तोड़कर मैदान में घुसने में सफल रहे, जब मैच चल रहा था। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के मैच के जो हुआ उसे देखकर कोई भी सरकार भारतीय टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं दे सकती थी। इस मैच में एक व्यक्ति ने न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को पकड़ लिया था। वहीं अफगानिस्तान और इंग्लैंड मैच में भी एक व्यक्ति खिलाड़ियों तक पहुंच गया था। वहीं जब गावस्कर ने पूछा गया कि भारतीय टीम कब पाक के साथ सीरीज खेलेगी तो उन्होंने कहा कि भारत-पाक सीमा पर जब तक शांति नहीं होती। ऐसी किसी सीरीज की संभावना नहीं है। गावस्कर ने कहा, यह बहुत सरल है। अगर सीमा पर शांति है, तो मुझे लगता है कि दोनों सरकारें निश्चित रूप से कहेंगी, देखो, ठीक है, कोई घटना नहीं हुई है, तो चलो कम से कम बात करना शुरू करें।

## योगराज ने युवकों की मदद नहीं करने पर की पाकिस्तानी पूर्व दिग्गजों की आलोचना

### कहा- पाकिस्तानी एसपर्ट्स में जुनून नहीं वह पैसे के लिए देश का दुरुपयोग करते हैं

**चंडीगढ़ एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने देश के युवा वर्ग को मदद नहीं करने के लिए पाकिस्तान के दिग्गजों की आलोचना की और कहा है कि वे केवल पैसा कमाने के उद्देश्य से अपने ही देश का दुरुपयोग करते हैं। पाकिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप स्टेज का अपना आखिरी मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेलना था, लेकिन यह बारिश की भेंट चढ़ गया। इसके साथ पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया। उन्हें केवल एक ही अंक मिला। पाकिस्तान में 29 सालों में पहला आईसीसी टूर्नामेंट हो रहा था लेकिन उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा। योगराज ने कहा कि पाकिस्तान के साथ समस्या यह है कि उनके पास वसीम अकरम, शोएब अख्तर, वकार यूनिस या इंजमाम-उल-हक जैसे महान सेवानिवृत्त खिलाड़ी हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं लेकिन जो गलत है वह गलत है। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर यह है कि राहुल द्रविड़, लक्ष्मण और युवराज सिंह जैसे खिलाड़ियों ने भविष्य के भारतीय खिलाड़ियों को विकसित करने में मदद की है। मैं अपने देश से प्यार करता हूं, यही वजह है कि मैं अपने बेटे की बलि देने के लिए तैयार था, जिसे कैंसर था, लेकिन पाकिस्तानी एक्सपर्ट्स में वह जुनून नहीं है। वे अपनी तुलना भारत से करते हैं



लेकिन अपने देश से इतना प्यार नहीं करते कि कहें कि हमने काफी पैसा कमा लिया है और युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित करना शुरू कर दें। इमरान खान ने इन सभी खिलाड़ियों के लिए मंच तैयार किया था लेकिन उन्हें जेल भेज दिया गया। वे उस तरह के लोग हैं जो पैसों के लिए अपने देश को गालियां देते हैं। योगराज ने पाकिस्तान टीम को कोचिंग देने की भी बात कही। 75 साल पहले हम साथ हुआ करते थे, बिछड़ गए लेकिन प्यार नहीं मिटता।

कोई भी टीम जो पतन की ओर है, मुझे अपनी सेवाएं प्रदान करने में खुशी होगी। अगर पाकिस्तान कोई प्रस्ताव देता है और सरकार और बीसीसीआई मंजूरी देते हैं, तो मैं यह भूमिका निभाऊंगा। वहीं, टीम इंडिया के प्रदर्शन पर योगराज ने कहा कि भारत एक अपराजेय टीम है। इस समय हमारे पास बुमराह नहीं है लेकिन मोहम्मद शमी है। उन्होंने न्यूजीलैंड और भारत के फाइनल में पहुंचने की भविष्यवाणी भी की।

## केएल राहुल पर गिरेगी गाज! ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऋषभ पंत को मिलेगा मौका?




**मुम्बई एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मंगलवार, 4 मार्च को दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेहतरीन जीत दर्ज की। वहीं इस मेगा इवेंट में बांग्लादेश के खिलाफ केएल राहुल ने फील्डर ऑफ द मैच का मेडल जीता, लेकिन ये विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी फॉर्म को बरकरार नहीं रख सका। न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल से कई गलतियां हुई। राहुल की गलतियों ने कप्तान रोहित शर्मा और टीम मैनेजमेंट की पेरिशानी बढ़ा दी है। इस टूर्नामेंट के लिए केएल राहुल को फर्स्ट च्वॉइस विकेटकीपर के तौर पर चुना गया। जबकि ऋषभ पंत को बैकअप के तौर पर रखा गया है। अब सवाल ये है कि क्या टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में केएल राहुल के साथ उतरेगी या ऋषभ पंत को शामिल करेगी? न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल ने सबसे पहले केन विलियमसन का कैच छोड़ा। उस दौरान केन महज 1 रन बनाकर खेल रहे थे। बाद में केन विलियमसन 81 रन की पारी बनाकर पवेलियन लौटे। न्यूजीलैंड की पारी के 26वें ओवर में केएल राहुल से फिर बड़ी गलती हो गई। कुलदीप यादव की गेंद पर टॉम लेथम की बैट का एज लगा, लेकिन केएल राहुल कैच पकड़ने में नाकाम रहे। वहीं केएल राहुल के कैच छोड़ने के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का रिएक्शन देखने लायक था। रोहित शर्मा बेहद उदास नजर आए।

केएल राहुल की गलतियों का सिलसिला यहीं नहीं रुका। न्यूजीलैंड की इनिंग के 35वें ओवर में रविंद्र जडेजा की गेंद पर फिर से केन विलियमसन का कैच छोड़ा। दरअसल, भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तो जीत गई, लेकिन अगर इन गलतियों को दुरुस्त नहीं किया गया तो नॉकआउट मैचों में परेशानी का सबब बन सकता है। दरअसल, ऐसा माना जाता है कि इस समय भारतीय सपोर्ट स्टाफ और कप्तान का भरोसा केएल राहुल के साथ है, लेकिन इसके बावजूद अगर ऋषभ पंत जैसे विकल्प बेंट पर बैठे हैंतो विचार किया जा सकता है। बहरहाल, ये देखना मजेदार होगा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में कप्तान और टीम मैनेजमेंट का फैसला क्या होता है?

## करुण बोले, टीम इंडिया में जगह नहीं मिलने का कारण चयनकर्ता ही बता सकते हैं




**नागपुर एजेंसी।** घरेलू क्रिकेट में जमकर रन बनाने वाले करुण नायर की लगातार उपेक्षा हुई है। करुण ने पिछले कुछ समय में विदर्भ की ओर से नौवां शतक लगाया है। इसके बाद भी उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। करुण ने अपने करियर की शुरुआत में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तिहरा शतक भी लगा था। वहीं जब करुण से टीम में जगह नहीं मिलने को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसका जवाब वह नहीं दे सकते। ये गेंद चयनकर्ता ही बता सकते हैं। नायर ने केरल के खिलाफ नाबाद 132 रनों की पारी खेली। नायर का यह मौजूदा रणजी सत्र में चौथा शतक है। उन्होंने अब तक 57.33 की औसत से 860 रन बनाए है। उसने इससे पहले विजय हजारे ट्रॉफी में भी शानदार बल्लेबाजी की थी। उसने विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतक और एक अर्धशतक की मदद से 389.50 की औसत से 779 रन बनाये थे। इस क्रिकेटर ने कहा कि वह भारतीय टीम में अपनी वापसी को सभी प्रयास कर रहा है। साथ ही कहा कि मुझे जो भी अवसर मिल रहा है उसमें मुझे अच्छा प्रदर्शन करते रहना होगा। मुझे अपना काम सर्वश्रेष्ठ तरीके से करना है। भारत के लिए छह टेस्ट और दो एकदिवसीय खेल चुके इस क्रिकेटर ने कहा कि मैं इस मैच से पहले इस बारे में बात कर रहा था कि मेरे नाम आठ शतक हैं, अगर मैं एक और बनाऊंगा तो मैं नौ अंक का इशारा करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं बस हमारे कुछ साइडआर्म थ्रोअर में शामिल यश थोराट से बात कर रहा था, जो हमेशा बल्लेबाजी और हर चीज में हमारी मदद करते हैं। मैंने उससे कहा कि अगर मैं शतक बनाऊंगा, तो मैं उसे नौ दिखाऊंगा।

## आईपीएल 2025 में एक बार फिर पंजाब किंग्स की ओर से बेहतर प्रदर्शन को तैयार हैं शशांक




**नई दिल्ली एजेंसी।** आईपीएल में पिछली बार अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचने वाल पंजाब किंग्स के आक्रामक बल्लेबाज शशांक सिंह का लक्ष्य इस बार भी टीम की ओर से बेहतर प्रदर्शन करना है। शशांक ने पिछले सत्र में अपनी मैच विजेता पारियों से का ध्यान खींचा था। शशांक पिछले साल दुनिया भर में गूगल पर 9वें सबसे अधिक खोजे जाने वाले एथलीट थे। तब उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ केवल 29 गेंदों में 61 रन बनाकर टीम को जीत दिलायी थी। शशांक ने इस पर कहा, मुझे नहीं पता था कि गूगल दुनिया भर में खोजे जाने वाले लोगों की एक सूची जारी करता है। यह मेरे लिए एक बड़ी बात थी। इससे खुशी हुई थी कि देश और दुनिया भर के लोग मेरा नाम खोज रहे हैं और जान रहे हैं कि मैं क्या करता हूं पर इसका श्रेय मैं श्रेय पंजाब में बिताए अपने समय को देता हूं। उन्होंने कहा कि यह पंजाब किंग्स के कारण ही संभव हुआ है। ऐसे कई क्रिकेटर हैं जो प्रतिभाशाली हैं और शीर्ष स्तर पर खेल रहे हैं पर पंजाब किंग्स ने हमेशा मुझ पर भरोसा दिखाया है और मेरा समर्थन किया है हालांकि मैंने भी कड़ी मेहनत की है। शशांक को पंजाब किंग्स ने 2025 सत्र के लिए टीम में बनाये रखा है। शशांक ने कहा कि वह श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। इसका कारण है कि मैंने उनके साथ जूनियर स्तर पर खेला है। हमने डीवाई पाटिल टी20 कप में एक साथ खेला था और हमारे बीच अच्छा समन्वय है। इस क्रिकेटर ने कहा कि मैं बेहद भाग्यशाली हूं कि मैं पिछले साल इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा था और मुझे बरकरार रखा गया था।

## रिचर्ड्स बोले,अपने जज्बे, ऊर्जा और जुनून के कारण सर्वश्रेष्ठ हैं विराट




**जमैका एजेंसी।** वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। रिचर्ड्स ने कहा है कि अपने जुझारू जज्बे, ऊर्जा और जुनून के कारण ही विराट सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं। है। वह अपने आलोचकों को हमेशा ही अपने खेल से जवाब देते हैं। इंटरनेशनल मास्टर लीग (आईएमएल) की संचालन परिषद के सदस्य रिचर्ड्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह वास्तव में हम सभी के सवालों का जवाब देता है। एकदिवसीय विश्व कप से पहले वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था पर उसने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया। ये सभी उसके जुनून और जज्बे से हुआ है। उन्होंने कहा, 'इसलिए ही मैं उन्हें सर्वश्रेष्ठ और महानतम खिलाड़ी मानता हूं। आपको हर बार ऐसे खिलाड़ी नहीं मिलते जो फॉर्म में नहीं होने के बाद भी अच्छी वापसी कर सकें। उनका जुझारू जज्बा, ऊर्जा और अच्छा प्रदर्शन करने का जुनून उन्हें सबसे अलग बनाता है। रिचर्ड्स ने कहा कि अगर वह अब भी खेल रहे होते तो वह मैदान पर कोहली की ऊर्जा से खेलना पसंद करते। रिचर्ड्स ने कहा, 'उनकी ऊर्जा उनके जुनून को दिखाती है। वह हर समय खेल में अपनी भागीदारी से आपको अपने जुनून को दिखाते हैं। वह इस तरह से शानदार खिलाड़ी हैं। जब उनसे उनकी पसंद के बल्लेबाजों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कोहली उन्हें अपनी याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा, 'बहुत सारे बल्लेबाज हैं, भारतीय टीम के पास पहले सचिन तेंदुलकर जैसे क्रिकेटर थे जो अब संन्यास ले चुके हैं पर वर्तमान समय में विराट ही हिम्मत करते हैं और जीतते हैं। वह अपने पर भरोसा करता है, हर वक्त 120 फीसदी आश्वस्त रहता है और जब भी आक्रामक होने की जरूरत होती है और विरोधियों का सामना करने की जरूरत होती है तो आपको ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत होती है। रिचर्ड्स ने कहा कि कोहली की फिटनेस और भूख को देखते हुए वह लंबे समय तक एकदिवसीय में खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आपको एक बात बताता हूं, वह जिस तरह के हैं और जिस तरह से फिट रहते हैं और जिस तरह से वह अभी भी खेल के प्रति बहुत जुनूनी है तो आप कुछ नहीं कह सकते, वह 50 साल की उम्र में भी खेल सकता है। रिचर्ड्स ने कहा, 'आप कुछ नहीं कह सकते। लेकिन यह देखना शानदार है। उन्होंने हाल में दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ 100 रन बनाए तो इससे पता चलता है कि वह अब भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने हालांकि कोहली की तुलना तेंदुलकर से करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मैं तुलना में विश्वास नहीं रखता। हमें इस बात के लिए आभारी होना चाहिए कि हर कोई जिस दौर से गुजरा होगा, उस दौर में इन खिलाड़ियों को देखने वाले लोगों को लगा होगा कि उन्होंने कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ियों को खेलते हुए देखा है।

### रीवा से इंदौर जा रही विजयंत ट्रेवल्स की बस पर हुआ हमला

# देर रात बस में हुई पत्थरबाजी में एक की मौत








**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे में सतपुड़ा आईटीआई के समीप बाइक से आए दो अज्ञात लोगों ने बस पर पत्थरबाजी कर दी। घटना सोमवार देर रात की है। इस दौरान एक पत्थर यात्री के लगा है जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना पर तत्काल चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा दलबल के साथ पहुंचे हैं और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू की। वहीं पत्थरबाजी में मृत्य हुए व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस उसकी पतासाजी का प्रयास कर रही है।

जानकारी के मुताबिक रीवा से इंदौर जा रही विजयंत ट्रेवल्स की बस पर हमला हुआ है। बाइक सवार दो युवकों ने बस में पत्थरबाजी की। इस दौरान बस में आगे की सीट में बैठे हुए एक व्यक्ति को पत्थर लग गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बस में जमकर तोड़फोड़ की गई है। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए हैं वहीं पुलिस मौके पर पहुंची है और आरोपियों की पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है। मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है।

विजयंत ट्रेवल्स के संचालक ने बताया कि बीते छह माह से उनकी बस में लगातार हमले हो रहे हैं दो दिन पूर्व भी उनकी बस में सिविल लाइन थाने के समीप हमला हुआ था इस दौरान पत्थरबाजी में सामने का कांच टूट गया था जिसकी रिपोर्ट भी सिविल लाइन थाने में दर्ज है। जबकि कुछ दिनों पूर्व समान थाना क्षेत्र में बस में पत्थरबाजी हुई थी जिसकी रिपोर्ट समान थाने में दर्ज है। वहीं आज हुई पत्थरबाजी की घटना में एक यात्री की मौत हो गई है, जिससे यह घटना अब बड़ी वारदात का रूप ले चुकी है। बताया गया है कि रीवा से इंदौर चलने वाली दो बस संचालकों के बीच में कंपटीशन का यह विवाद है जिसके चलते आज फिर से पत्थरबाजी हुई है । फिलहाल पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और मृतक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## गेंहू उपार्जन एवं खाद्यान्न वितरण की समीक्षा बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में 4 मार्च को प्रातः 11 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा महिला एवं बाल विकास विभाग रश्मि अरूण शमी करेंगी। बैठक में वर्ष 2025-26 में गेंहू उपार्जन की तैयारियों तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की जिलेवार समीक्षा की जाएगी। बैठक में आयुक्त खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, प्रबंध संचालक मार्कफेड, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश वेयरहाउस कार्पोरेशन सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

## लोक अदालत में अब 10 लाख तक के विद्युत प्रकरणों का होगा समझौता

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**जिले में 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का आपसी सुलह से निराकरण किया जाएगा। इसमें निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू कनेक्शन, सिंचाई के सभी कनेक्शन, 5 किलोवाट तक के घरेलू कनेक्शन तथा 10 हार्सपावर तक के आद्योगिक कनेक्शन शामिल हैं। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री बीके शुक्ला ने बताया कि लोक अदालत में निराकृत किए जाने वाले प्रकरणों में उपभोक्ता को भारी छूट का लाभ दिया जा रहा है। अब तक केवल 50 हजार रुपए तक की बकाया राशि में छूट का लाभ दिया जाता था। नेशनल लोक अदालत में 10 लाख रूपए तक की बकाया राशि के प्रकरणों में छूट का लाभ दिया जाएगा। शुक्ला ने बताया कि प्रिलिटिगेशन स्तर पर धारा 135 के जिन प्रकरणों में बकाया राशि 10 लाख रुपए तक है उनमें बकाया राशि का 30 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ बकायादार को 100 प्रतिशत ब्याज राशि पर भी छूट दी जा रही है। जिन प्रकरणों में 10 लाख रुपए से अधिक की बकाया राशि है उनमें 20 प्रतिशत छूट तथा ब्याज में 100 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जा रहा है। बिजली कनेक्शन से जुड़े उपभोक्ता 8 मार्च से पूर्व विद्युत वितरण कार्यालय में उपस्थित होकर अपने प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से आपसी सुलह से निराकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान 5 से 12 मार्च तक

### 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिये

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। रीवा जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार वर्तमान में 77033 व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शेष हैं। इनका आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले भर में 5 मार्च से 12 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि शेष बचे पात्र व्यक्तियों के कार्ड बनाने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाए जाएंगे।

अभियान की अवधि में ग्राम रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सीएचओ ग्राम पंचायत भवन में बैठकर पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएंगे। शेष व्यक्ति यदि किसी कारणवश ग्राम पंचायत भवन आने में असमर्थ हैं तो घर-घर जाकर उनके कार्ड बनाएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा बीएमओ मिलकर अभियान के दौरान शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं। आयुक्त नगर निगम तथा सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहरी क्षेत्रों के शेष बचे व्यक्तियों के भी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए वार्डवार शिविर लगाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अभियान के संबंध में समस्त तैयारियाँ सुनिश्चित करें।




स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।